राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उतरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उतरांचल,उतराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रकाशित

सुरत–गुजरात,संस्करण मंगलवार 22 अगस्त 2023 वर्ष–6,अंक–211 पृष्ठ–08 मूल्य–01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## विधायकों के कटेंगे टिकट, शिवराज सिंह चौहान के लिए भी स्थिति विकट; कैसे अमित शाह की एंट्री बढ़ा गई पारा

- रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा युवा नेताओं और कैडर को मौका देना चाहती है।
- सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि कई मौजूदा विधायकों को इस बार टिकट नहीं मिलेंगे।

**भोपाल।** मध्य प्रदेश का चुनावी मैदान तैयार है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्य में पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी की तैयारियों पर भी मुहर लगा दी। इसके साथ ही अब अटकलें लगने लगी हैं कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के स्थान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विधानसभा चुनाव का मुख्य चेहरा होने जा रहे हैं। हालांकि, अब तक पार्टी के किसी नेता ने आधिकारिक तौर पर इसे लेकर कुछ नहीं कहा है।

**यहां से मिले संकेत!**

खबर है कि अगले मुख्यमंत्री के सवाल पर शाह का जवाब था, आप पार्टी के काम में क्यों पड़ रहे हैं? यह पार्टी का काम है और हम तय करेंगे। न्यूज18 की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान चौहान के नाम का भी कम ही जिक्र आया। इसके अलावा आयोजन स्थल पर भी राज्य का रिपोर्ट कार्ड पेश करने के दौरान बड़े नेताओं के मुकाबले पीएम मोदी की तस्वीरों की खासी मौजूदगी रही।

**क्या शिवराज सिंह चौहान नहीं होंगे सीएम चेहरा?**

रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा आलामान ने प्रचार में सीएम चौहान के चेहरे का इस्तेमाल नहीं करने का फैसला किया है। कहा जा रहा है कि पीएम मोदी के नाम के गाने और अन्य प्रचार सामग्री भी जल्दी प्रदेश में आने वाली है।



**खबर है कि अगले मुख्यमंत्री के सवाल पर शाह का जवाब था, आप पार्टी के काम में क्यों पड़ रहे हैं? यह पार्टी का काम है और हम तय करेंगे। न्यूज18 की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान चौहान के नाम का भी कम ही जिक्र आया। इसके अलावा आयोजन स्थल पर भी राज्य का रिपोर्ट कार्ड पेश करने के दौरान बड़े नेताओं के मुकाबले पीएम मोदी की तस्वीरों की खासी मौजूदगी रही।**

**क्या हैं कारण**–कहा जा रहा है कि प्रचार में सीएम चौहान का चेहरा नहीं शामिल करने की बड़ी वजह प्रदेश इकाई में गुटबाजी है। रिपोर्ट में एक भाजपा नेता के हवाले से बताया गया, मोदी एक चेहरा हैं, जो केंद्र और प्रदेश इकाई को एकजुट करते हैं और उनके लिए काम कर सभी खुश होंगे। जुलाई में एमपी पहुंचे शाह ने साफ कर दिया था कि पार्टी को एक इकाई के तौर पर ही चुनाव लड़ना होगा। दूसरी वजह पीएम मोदी के नाम के जरिए पार्टी राज्य में लोकसभा चुनाव की तैयारियों में भी रफ्तार लाने की तैयारी कर रही है। शाह ने भी आंकड़ों के जरिए केंद्र की तरफ से एमपी को मिले योगदान का जिक्र किया था। तीसरी, वजह सत्ता विरोधी लहर है, जहां पार्टी कोई भी जोखिम उठाने के मूड में नहीं है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा युवा नेताओं और कैडर को मौका देना चाहती है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि कई मौजूदा विधायकों को इस बार टिकट नहीं मिलेंगे। साथ ही पीएम मोदी अगर चेहरा रहेंगे, तो बगावत की संभावनाओं पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा। इसके अलावा चौहान की अगुवाई में इस बात की संभावनाएं बढ़ जाती हैं कि असंतुष्ट नेता अपने पूर्व क्षेत्रों में पार्टी को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**चौहान ही होंगे सीएम?**

रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया है कि पीएम मोदी को चेहरा बनाकर पार्टी चौहान के नाम पर दांव नहीं खेलने जा रही है। भाजपा के सूत्र ने कहा, %यह पहले से तय है। पार्टी सीएम शिवराज सिंह चौहान के नाम के साथ आगे बढ़ने का तरीका नहीं बदलेगी। दरअसल, आमतौर पर भाजपा सीएम के चेहरे के साथ ही विधानसभा चुनाव में उतरती है।

## बीएसएफ और पंजाब पुलिस द्वारा फ़िरोज़पुर में 29 किलो हेरोइन बरामद

**जालंधर।** पंजाब में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस ने एक संयुक्त तलाशी अभियान दौरान जिला फिरोजपुर के गांव गट्टी मटर से लगभग एक अरब 45 करोड़ रूपये की 29 किलो 26 ग्राम हेरोइन बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

बीएसएफ के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि रविवार की मध्यरात्रि को, विशेष सूचना पर, बीएसएफ और पंजाब पुलिस (सीआई फिरोजपुर) द्वारा जिला फिरोजपुर के गांव गट्टी मटर के पास सतलुज नदी के तट पर एक संयुक्त अभियान चलाया गया।

प्रवक्ता ने बताया कि सुबह लगभग 02 बजकर 45 मिनट पर ऑपरेशन के दौरान, सैनिकों ने पाकिस्तान से भारत की ओर आ रहे कुछ पाक शरारती तत्वों/तस्करों की गतिविधि देखी। सैनिकों ने शुरू में तस्करों को चुनौती दी लेकिन तस्करों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने बताया कि तस्करों की प्रतिक्रिया पर, आसन्न खतरे को भांपते हुए और आगे के दुस्साहस को रोकने के लिए, सैनिकों ने तस्करों पर गोलीबारी की। फलस्वरूप एक तस्कर के हाथ पर गोली लग गयी। इस दौरान सैनिकों ने लगभग 29.26 किलोग्राम हेरोइन के 26 पैकेट के साथ 02 पाक तस्करों को पकड़ लिया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल तस्कर को सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

## दिग्विजय ने कि प्याज पर एक्सपोर्ट ड्यूटी को समाप्त करने की मांग

**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने केंद्र सरकार से प्याज पर एक्सपोर्ट ड्यूटी हटाने की मांग की है। राज्यसभा सांसद श्री सिंह ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी पोस्ट में लिखा है, भाजपा की केंद्र सरकार ने प्याज एक्सपोर्ट पर 40 प्रतिशत एक्सपोर्ट ड्यूटी लगाकर उसका किसान विरोधी चरित्र दर्शाया है। प्याज के भाव फिर घटेंगे। मप्र में प्याज सबसे ज्यादा पैदा होता है मालवा निमाड़ में। मैं श्री नरेंद्र मोदी से अपील करता हूं वे तत्काल इस एक्सपोर्ट ड्यूटी को समाप्त करें।



## स्वामी प्रसाद मौर्य पर जूता फेंका, भीड़ ने पीट-पीटकर किया अधमरा

### आरोपी बोला–पूजा–पाठ करने वाला आदमी हूं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य पर लखनऊ में एक शख्स ने जूता फेंकने की कोशिश की। इस घटनाक्रम में स्वामी बाल-बाल बच गए। इसके बाद जूता फेंकने वाले शख्स को भीड़ ने पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। जूता फेंकने वाले शख्स का नाम आकाश सैनी बताया जा रहा है। पकड़े जाने के बाद उसने कहा कि वह पूजा-पाठ करने वाला व्यक्ति है। मिली जानकारी के अनुसार स्वामी प्रसाद मौर्य सपा के पिछड़े वर्ग सम्मेलन में पहुंचे थे। वहीं पर अचानक काले कपड़ों में सामने आए आकाश सैनी नाम के शख्स ने स्वामी प्रसाद मौर्य ने जूता उछाल दिया। हालांकि स्वामी प्रसाद और उनके आसपास खड़े सुरक्षा कर्मियों ने सिर नीचे कर लिया और बाल-बाल बच गए। इसके बाद भीड़ ने आकाश सैनी को पकड़ किया और अपने साथ किनारे लेते गई। भीड़ ने आकाश सैनी को बेतहाशा पीटना शुरू कर दिया। पुलिस के पहुंचने तक करीब आठ-दस मिनट तक भीड़ आकाश सैनी को पीटती रही। इस दौरान उसके कपड़े भी फट गए। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने आकाश को किसी तरह भीड़ से बचाया और घेरे में लेकर वहां से चली गई।

**वकील के भेष में आया था आरोपी**–पुलिस उस युवक को थाने ले गई। बताया जा रहा है कि आरोपी वकील के भेष में कार्यक्रम में आया था। उस वक्त तक कार्यक्रम में सपा प्रमुख अखिलेश यादव नहीं पहुंचे थे। इससे पहले एक दिन पहले पहले घोसी उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान ने स्याही फेंक दी थी। रविवार रात उस शख्स ने मऊ के कोपागंज थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया। तब अखिलेश यादव ने उस घटना को भाजपा की साजिश और इसे सहानुभूति पाने की कोशिश बताया था।

**सपा–भाजपा के बीच आरोप–प्रत्यारोप** – घोसी उपचुनाव में प्रचार के दौरान भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान पर स्याही फेंके जाने और उसके एक दिन बाद लखनऊ में सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर जूता फेंकने को लेकर समाजवादी पार्टी और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल पड़ा है।

### सपा सरकार में बिगड़ी मदरसों की दशा

## योगी सरकार से अल्पसंख्यकों को उम्मीद : मौलाना शहाबुद्दीन

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने मदरसों का सर्वे करा कर जांच कराई है। इन जांच में मदरसों के प्रबंधकों ने पूरा सहयोग किया। अब प्रदेश सरकार मदरसों के संबंध में जल्द फैसला ले। सपा की अखिलेश सरकार ने मदरसों की दशा बिगाड़ने का काम किया है। अब योगी सरकार से बेहतरी की उम्मीद है।

मौलाना ने कहा कि मदरसों की जांच पड़ताल, सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है। प्रदेश भर में हुए मदरसों के सर्वे रिपोर्ट को शासन को भेजी जा चुकी है। अब मदरसों के संबंध में सरकार जल्द फैसला ले। अगर इस सिलसिले में कुछ फर्जी मदरसे पाए गए हैं तो उनको बंद किया जा सकता है। मगर चंद मदरसों की वजह से हजारों मदरसों में दी जा रही शिक्षा को रोका जाना या असमंजस की स्थिति पैदा करना छात्र व छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा।



मौलाना ने कहा कि मदरसों की बिगड़ी दशा की जिम्मेदार समाजवादी पार्टी की पूर्व सरकार है। अखिलेश यादव के कार्यकाल के दौरान 2017 में मदरसों की जिला स्तर पर होने वाली मान्यता को समाप्त कर दिया गया। 2016 और 2017 में एक भी मदरसे को मान्यता नहीं दी गई। इससे पहले 2014 और 2015 में भी जिन मदरस संचालकों ने जो फाइलें अल्पसंख्यक विभाग में जमा की थीं उन पर विचार करने के बजाय निरस्त कर दिया गया था। पूर्व सपा की सरकार मदरसों की बर्बादी और नाकामी की जिम्मेदार है। मौलाना ने कहा है कि योगी सरकार से हमारी मांग है कि जिला स्तर पर मदरसों के तेहतानिया और फोकानिया दर्जे की मान्यता का सिलसिला शुरू करें।

## सनी देओल के बंगले की नीलामी हुई रद्द तो जयराम रमेश ने ली चुटकी

### 24 घंटे में कहां से आ गया तकनीकी कारण

**नई दिल्ली।** फिल्म अभिनेता और बीजेपी सांसद सनी देओल के जुहू स्थित बंगले की नीलामी रोक दी गई है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने 56 करोड़ रुपये वसूलने के लिए सनी देओल के बंगले को नीलाम करने का नोटिस जारी किया था लेकिन अब बैंक ने उस ई-ऑक्शन की नोटिस को वापस ले लिया है। बैंक ने इसकी पीछे तकनीकी कारण बताया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के इस यू-टर्न पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने चुटकी ली है और तंज कसा है कि 24 घंटे के अंदर यह तकनीकी कारण कहां से आ गया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा, कल दोपहर में देश को पता चला कि बैंक ऑफ बड़ौदा ने भाजपा सांसद सनी देओल के जुहू में स्थित आवास को ई-नीलामी के लिए रखा है, क्योंकि उन्होंने बैंक का 56 करोड़ रुपये नहीं चुकाया है। आज सुबह 24 घंटे से भी कम समय में देश को पता चला कि बैंक ऑफ बड़ौदा ने तकनीकी कारणों से नीलामी नोटिस वापस ले लिया है। आश्चर्य है कि ऐसे कौन से तकनीकी कारण हैं, जिसके कारण यह फैसला बदला गया। उन्होंने सवाल किया, आखिर इन तकनीकी कारणों का हवाला देने के लिए किसने प्रेरित किया? बता दें कि बैंक ऑफ बड़ौदा ने 56 करोड़ रुपये की वसूली के लिए सनी देओल की संपत्ति को नीलामी के लिए रखा था। यह नीलामी 25 अगस्त को ऑनलाइन माध्यम से की जानी थी। खबरों के अनुसार, सनी देओल के बंगले की ई-नीलामी के नोटिस को वापस ले लिया गया है।



## महाकाल मंदिर में सावन के सातवें सोमवार को आस्था का जनसैलाब

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल के मंदिर में सावन महीने के सातवें सोमवार को भी आस्था का जनसैलाब उमड़ा। तड़के 2:30 बजे कपाट खुलने के बाद मंदिर परिसर भगवान शिव के जयकारों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भस्मारती में शामिल हुए। इसके बाद से दर्शन का सिलसिला जारी है। शाम चार बजे भगवान महाकाल की सातवीं सवारी धूमधाम से निकाली जाएगी। इस दौरान अवंतिकानाथ सात स्वरूपों में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। नगर भ्रमण का प्रजा का हाल जानेंगे। इस बार श्रावण मास के सातवें सोमवार को नागपंचमी का सुयोग बना है। महाकालेश्वर मंदिर के तृतीय तल पर स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर के कपाट साल में एक बार नागपंचमी पर 24 घंटे के लिए खुलते हैं। इस मंदिर के पट रविवार रात 12:01 बजे खोले गए। भगवान नागचंद्रेश्वर का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद यहां श्रद्धालुओं के दर्शन का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात तक चलेगा। यहां रात नौ बजे से ही श्रद्धालुओं की लम्बी कतारें लग गई थीं। महाकालेश्वर मंदिर के पट तड़के 2:30 बजे खोले गए। मंदिर के महेश पुजारी ने बताया कि सुबह भस्म आरती में भगवान महाकाल पहला पूजन किया गया। गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का जलाभिषेक कर दूध, दही, घी, शक्कर, शहद से बने पंचामृत से भगवान महाकाल पूजन किया। हरि ओम जल चढ़ाकर कपूर आरती के बाद भांग, चंदन, अबीर के साथ महाकाल ने मस्तक पर चंद्र और आभूषण अर्पित कर राजा स्वरूप में श्रृं गार किया गया। इसके बाद ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढक कर भस्मी रमाई गई। भस्म आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महाकालेश्वर भगवान की श्रावण/भाद्रपद माह में निकलने वाली सवारियों के क्रम में शाम चार बजे सातवीं सवारी निकलेगी। इस दौरान भगवान महाकालेश्वर सात स्वरूपों में भक्तों को दर्शन देंगे। सवारी में अवंतिकानाथ चांदी की पालकी में चंद्रमौलेश्वर, हाथी पर मनमहेश, गरुड़ पर शिवतांडव, नंदी पर उमा महेश, डोल रथ पर होलकर तथा अन्य रथों पर घटाटोप व सप्तधान रूप में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने के लिए निकलेंगे। सवारी निकलने के पूर्व महाकालेश्वर मंदिर के सभामंडप में भगवान चन्द्रमौलेश्वर का विधिवत पूजन-अर्चन होगा। उसके बाद भगवान चन्द्रमौलेश्वर पालकी में विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे।इसके बाद मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा पालकी में विराजित भगवान को सलामी दी जाएगी। उसके बाद सवारी परंपरागत मार्ग महाकाल चौराहा, गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार और कहारवाडी से होती हुई रामघाट पहुंचेगी, जहां क्षिप्रा नदी के जल से भगवान का अभिषेक और पूजन-अर्चन किया जाएगा। इसके बाद सवारी परम्परागत मार्ग से पुनः महाकालेश्वर मंदिर पहुंचेगी।



## पुलवामा में सेना के एनकाउंटर में एक आतंकी ढेर, एक मकान में 2-3 आतंकियों के छिपे होने की आशंका

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच रविवार शाम से एनकाउंटर जारी है। इसमें सेना ने एक आतंकी को मार गिराया है। ये आतंकी मकान से छिपकर गोलीबारी कर रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभी 2-3 आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। पुलिस को शाम साढ़े सात बजे सूचना मिली कि पुलवामा के परिगाम गांव में कुछ आतंकियों को देखा गया। पुलिस ने सेना और CRPF के जवानों के साथ उन्हें पकड़ने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी। अचानक आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी और जवानों की तरफ ग्रेनेड फेंका। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी और अभी भी एनकाउंटर जारी है।

**9 अगस्त को पकड़े गए थे 6 आतंकी**–कश्मीर पुलिस और इंडियन आर्मी ने जॉइंट ऑपरेशन के दौरान 15 अगस्त से पहले 6 आतंकियों को गिरफ्तार किया था। इनके पास से गोला-बारूद और हथियार बरामद किए गए। पहला मामला 9 अगस्त की रात का है, जहां कोकेरनाग के एथलान गडोले में तीन आतंकी पकड़े गए। मुठभेड़ के दौरान सेना के जवान समेत 3 लोग घायल हुए। दूसरा मामला बारामूला के उरी का है, जहां सुरक्षाकर्मियों ने लश्कर के 3 आतंकी पकड़े। इनके खिलाफ,क्र और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। बारामूला पुलिस और सेना की 16 सिख लाइट इन्फैंट्री के सुरक्षा बलों ने पेट्रोलिंग के दौरान चुरुंडा उरी में एक संदिग्ध को देखा। सुरक्षाबलों को देखकर वह भागने लगा, लेकिन सुरक्षाबलों ने उसे दबोच लिया। उसकी पहचान उरी के निवासी शौकत अली अवान के रूप में हुई। उसके पास से दो ग्रेनेड बरामद हुए।



**13 दिन पहले मारे गए थे तीन आतंकी**–6 अगस्त को भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आज सुबह जॉइंट ऑपरेशन में रुष्पट के पास दो आतंकियों को मार गिराया। ये आतंकी रुष्पट के पास घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। इसी दिन शाम को भी घुसपैठ की कोशिश कर रहे एक आतंकवादी को मार गिराया गया।

**18 दिन पहले कुलगाम में शहीद हुए थे तीन जवान**

4 अगस्त को कुलगाम के हलान जंगल में आतंकियों ने सेना के टेंट पर फायरिंग की थी। इसके बाद दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हुई, जो अब तक जारी है। इस घटना में शुक्रवार को 3 जवान घायल हो गए थे। तीनों को श्रीनगर के मिलिट्री हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान देर रात तीनों की मौत हो गई थी।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

संपादकीय

## विशाल तारे की खोज

इंसानों ने ऐसे अद्भुत टेलीस्कोप बना लिए हैं, जिनकी मदद से हजारों प्रकाश वर्ष दूर अंतरिक्ष में झांकना संभव हो गया है। केप्लर स्पेस टेलीस्कोप की मदद से एक ऐसा तारा देखा गया है, जो सूरज से ज्यादा गरम है और आकार में बृहस्पति से करीब 80 गुना बड़ा है। यह तारा पृथ्वी से 1,400 प्रकाश वर्ष दूर है। इसकी शुरुआती खोज इस सदी के पहले दशक में हो गई थी, पर इसके बारे में अब जाकर सुनिश्चित जानकारियां सामने आ रही हैं। खगोलविद बड़े टेलीस्कोप की मदद से इसे लगातार देख रहे हैं। हालांकि, शोधकर्ता टीम का मानना है कि एक नहीं, बल्कि दो तारों का एक तंत्र है, जिसे द्विआधारी प्रणाली भी कहा जा रहा है। इजरायल में 'वेइजमैन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस' की एक टीम ने, जिसका नेतृत्व खगोलशास्त्री नामा हल्लाकौन ने किया है, हाल ही में डाटा की जांच की और पाया कि सिस्टम में एक सफेद और एक भूरे तारे की संभावना है। ये खगोलीय पिंड परस्पर अधिक भिन्न नहीं हो सकते। सफेद तारा एक तारकीय अवशेष है। साथ ही, एक भूरा तारा भी है, जिसका द्रव्यमान बृहस्पति से दर्जनों गुना अधिक हो सकता है। इस डब्ल्यूडी 0032-317 जोड़ी में भूरा तारा, जिसे बड़े आकार के बावजूद बौना तारा कहा जा रहा है, इतना चमकीला क्यों है? एक अनुमान यह भी है कि इस तारे का र्द्रव्यमान बृहस्पति से 80 गुना से अधिक हो सकता है। अभी तक जितने ऐसे तारे देखे गए हैं, उनमें यह शायद सबसे बड़ा है। हालांकि, इतनी दूर से जारी शोध में यह भी पता चला है कि इस भूरे तारे की अपनी कोई गरमी नहीं है, इसके बजाय निकट से परिक्रमा कर रहे सफेद तारे द्वारा उस पर विकिरण की बमबारी की जा रही है। इसकी वजह से इस तारे पर दिन का तापमान 14,000 डिग्री फारेनहाइट (7,700 डिग्री सेल्सियस) है और रात का तापमान 11,000 डिग्री फारेनहाइट (5,700 डिग्री सेल्सियस) है। हमारे सूर्य का सतह पर तापमान लगभग 10,000 डिग्री फारेनहाइट (5,500 डिग्री सेल्सियस) है। मतलब, स्पष्ट है, नए खोजे गए तारे का तापमान सूर्य के तापमान से लगभग 2000 डिग्री सेल्सियस अधिक है। हमारे ब्रह्मांड में कई विचित्र ब्रह्मांडीय पिंड हैं। ऐसे पिंड भी हैं, जो अपने ग्रह या तारे की बहुत करीब से परिक्रमा करते हैं। कुछ तो इतने करीब से परिक्रमा करते हैं कि परिक्रमा कुछ हफ्तों या घंटों में ही पूरी हो जाती है। खगोलविद इसे नया बृहस्पति भी बता रहे हैं। इस नई खोज से संबंधित रिपोर्ट नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित हुई है। दो पिंड या दो तारे कौतूहल का विषय बने हुए हैं। यह दो-तारा प्रणाली वैज्ञानिकों को विशेष रूप से बृहस्पति ग्रह के गरम वातावरण का अध्ययन करने का एक अभूतपूर्व अवसर प्रदान करती है। साथ ही, ग्रहों और तारकीय विकास के बारे में हमारी समझ को आगे बढ़ाने में भी मदद करती है। वैज्ञानिक लगातार तारों की खोज में लगे हुए हैं, 100 अरब से ज्यादा तारे अभी तक खोज लिए गए हैं। अगर अरबों तारों के बीच यह भूरा तारा सबसे गरम या बहुत बड़ा है, तो जाहिर है, यह गहरे अध्ययन का विषय है। तारों को खंगालना इसलिए भी जरूरी है, ताकि कहीं अगर जीवन या जीवन जैसी संभावना हो, तो उसका अध्ययन किया जा सके। तारों का संसार विचित्र है और यह हमें निरंतर चुनौती दे रहा है कि अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। आज हम अंतरिक्ष में झांक रहे हैं और कल तय है, हम तमाम मुमकिन तारों तक पहुंचेंगे।

## आज का राशिफल

**मेष** व्यावसायिक योजना सफल होगी। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। धार्मिक प्रवृत्ति में वृद्धि होगी।

**वृषभ** बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें। धन लाभ होगा।

**मिथुन** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखकर वाद विवाद की स्थिति को टाला जा सकता है। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा।

**कर्क** आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। व्यावसायिक योजना सफल होगी। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य शिथिल होगा। विरोधी परास्त होंगे। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**सिंह** प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के योग हैं। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। अधीनस्थ कर्मचारी से तनाव मिलेगा। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**कन्या** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। खान पान में संयम रखें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी।

**तुला** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। प्रणय संबंधों में कटुता आ सकती है। विरोधियों का पराभव होगा।

**वृश्चिक** आर्थिक दिशा में किए गए प्रयास सफल होंगे। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। नेत्र विकार की संभावना है। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु** पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। भाई या पड़ोसी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। ससुराल पक्ष से लाभ मिलेगा। धन लाभ की संभावना है।

**मकर** पारिवारिक जनों का सहयोग मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। स्थानान्तरण व परिवर्तन के योग हैं। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे।

**कुम्भ** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाणी पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। धार्मिक प्रवृत्ति में वृद्धि होगी।

**मीन** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूपीआई की स्वीकार्यता

**दरअसल अमेरिकी डॉलर की मांग अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाल ही के समय में बहुत बढ़ी है। एक तो, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बहुत तेज गति से बढ़ी हैं, प्राय: समस्त देश अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की खरीद का भुगतान अमेरिकी डॉलर में ही करते हैं जिसके कारण अमेरिकी डॉलर की मांग भी बढ़ी है और जिसके चलते अमेरिकी डॉलर की कीमत में भी वृद्धि दर्ज हुई है। दूसरे, अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों में मुद्रा स्फीति की दर 10 प्रतिशत के आसपास (अमेरिका में 9.1 प्रतिशत) पहुंच गई थी, जो कि इन देशों में पिछले 40-50 वर्षों में सबसे अधिक महंगाई की दर है।**

(लेखक-प्रहलाद सबनानी)

भारतीय यूनीफाईड पेमेंट इंटरफेस को कई देश अपनाने को तैयार हो गए हैं। भारत के पड़ौसी देश श्रीलंका ने भी अभी हाल ही में यूपीआई को अपना लिया है। पूर्व में, भारत और श्रीलंका की सरकारों के बीच इस सम्बंध में सहमति बन गई थी। फ्रान्स, संयुक्त अरब अमीरात और सिंगापुर ने पहिले ही भारतीय यूपीआई को अपना लिया है। इससे भारत के नागरिकों एवं यूपीआई अपनाने वाले अन्य देशों के बीच रुपए का लेनदेन आसान हो जाएगा। आम नागरिकों को इससे बहुत फायदा होगा क्योंकि रुपए को पहिले अमेरिकी डॉलर में बदलकर फिर अन्य देशों की मुद्रा में परिवर्तन करने के अतिरिक्त खर्च से बचा जा सकेगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत आने वाले सभी यात्रियों को यूपीआई के माध्यम से भुगतान करने की सलाह दी है ताकि रुपए के उपयोग को बढ़ावा मिल सके। विभिन्न देशों के बीच विदेशी व्यापार के व्यवहारों का निपटान करने हेतु उत्पादों का आयात एवं निर्यात करने वाले देशों को आपस में स्वीकार्य मुद्रा की आवश्यकता होती है। प्राचीन काल में विदेशी व्यापार के व्यवहारों का निपटान स्वर्ण मुद्राओं में किया जाता था। वर्ष 1945 में ब्रेटन वुड्स नामक स्थान पर विभिन्न देशों द्वारा विदेशी व्यापार के व्यवहारों के निपटान हेतु उस समय की मजबूत मुद्रा ब्रिटिश स्टर्लिंग पौंड को स्वीकार किया गया था। परंतु, कालांतर में अमेरिकी अर्थव्यवस्था के पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आर्थिक विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बनने के चलते अमेरिकी डॉलर ने ब्रिटिश स्टर्लिंग पोंड का स्थान ले लिया है, जो आज भी जारी है। आज भी अमेरिकी डॉलर पूरे विश्व में एक मजबूत मुद्रा बना हुआ है और विशेष रूप से कोरोना महामारी एवं रूस यूक्रेन युद्ध के बाद से अमेरिकी डॉलर की कीमत अन्य देशों की मुद्रा की कीमत की तुलना में अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुत तेजी से बढ़ती जा रही है। एक अमेरिकी डॉलर आज 82 रुपए का हो गया है।

दरअसल अमेरिकी डॉलर की मांग अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाल ही के समय में बहुत बढ़ी है। एक तो, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बहुत तेज गति से बढ़ी हैं, प्राय: समस्त देश अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की खरीद का भुगतान अमेरिकी डॉलर में ही करते हैं जिसके कारण अमेरिकी डॉलर की मांग भी बढ़ी है और जिसके चलते अमेरिकी डॉलर की कीमत में भी वृद्धि दर्ज हुई है। दूसरे, अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों में मुद्रा स्फीति की दर 10 प्रतिशत के आसपास (अमेरिका में 9.1 प्रतिशत) पहुंच गई थी, जो कि इन देशों में पिछले 40-50 वर्षों में सबसे अधिक महंगाई की दर है। महंगाई पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से इन देशों द्वारा ब्याज दरों में लगातार वृद्धि की जा रही है, जिसके कारण इन देशों द्वारा जारी किए जाने वाले बांडस पर प्रतिफल बहुत आकर्षित हो रहे है एवं विदेशी निवेशक विकासशील देशों से अपना निवेश निकालकर अमेरिकी बांडस में अपना निवेश बढ़ाते जा रहे हैं। जिन विकासशील देशों से डॉलर का निवेश निकाला जा रहा है उन देशों के विदेशी मुद्रा के भंडार कम होते जा रहे हैं जिससे उनकी अपनी मुद्रा पर दबाव आ रहा है और डॉलर की स्थिति लगातार मजबूत होती जा रही है।

जापान येन का अमेरिकी डॉलर की तुलना में 22 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, ब्रिटिश पाउंड का 20 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, यूरो का 15 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, दक्षिण कोरिया की मुद्रा का 15 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, आस्ट्रेलिया की मुद्रा का 12 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है वहीं चीनी यूआन एवं भारतीय रुपए का 10 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है। चूंकि अन्य देशों की मुद्राओं का भारतीय रुपए की तुलना में अधिक अवमूल्यन हुआ है अत: भारतीय रूपए की कीमत इन अन्य देशों की मुद्राओं की तुलना में बढ़ गई है। कई विकसित देशों एवं एशिया के कई देशों की मुद्राओं की तुलना में भारतीय रुपए का अमेरिकी डॉलर की तुलना में कम अवमूल्यन होने के कारणों में मुख्य रूप से शामिल हैं भारतीय अर्थव्यवस्था का लगातार मजबूत रहना और देश में आर्थिक विकास की गति का तेज होना। हाल ही के समय में भारत से निर्यात भी तेज गति से बढ़ रहे हैं जिसके चलते अमेरिकी डॉलर की भारत में आवक बढ़ी है। दूसरे, भारत में विदेशी निवेश भी लगातार बढ़ता जा रहा है जो कि सामान्यत: अमेरिकी डॉलर में ही होता है। इसके चलते भारत के पास पर्याप्त मात्रा में विदेशी मुद्रा का भंडार मौजूद है। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी डॉलर का लगातार इस प्रकार मजबूत होते जाना एवं अन्य देशों की मुद्रा की कीमत गिरते जाना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अन्य देशों के लिए ठीक नहीं है। क्योंकि, जैसे यदि भारत का ही उदाहरण लें, भारतीय रुपए की कीमत लगातार अमेरिकी डॉलर की तुलना में गिरते जाने के मायने यह है कि भारत द्वारा आयात की जाने वाली वस्तुओं का महंगा होते जाना एवं भारत द्वारा अधिक अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया जाना। इसके परिणाम स्वरूप भारत में भी मुद्रा स्फीति की दर में वृद्धि हो रही है एवं इसे आयातित महंगाई भी कहा जाता है। इस प्रकार भारत सहित विश्व के अन्य देशों की विदेशी व्यापार करने पर अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता बढ़ गई है। हालांकि विश्व के समस्त देश वैश्विक स्तर पर विदेशी व्यापार करने के लिए विदेशी मुद्रा, जैसे डॉलर, यूरो, येन, पाउंड आदि का उपयोग करते रहे हैं, और अब चीन की मुद्रा युआन का इस्तेमाल भी किया जाने लगा है। परंतु, अमेरिकी डॉलर अभी भी विदेशी व्यापार के लिए सबसे प्रभावी मुद्रा बना हुआ है और इसीलिए पूरी दुनिया में अमेरिका की बादशाहत भी बरकरार है।

परंतु, अब विदेशी व्यापार में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में भारतीय रुपए को विदेशी व्यापार में भुगतान के माध्यम के रूप में स्वीकार्यता प्रदान की है। विशेष रूप से रूस एवं यूक्रेन के बीच छिड़े युद्ध के बाद रूस और इसके पूर्व ईरान पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के चलते भारत को इन देशों से कच्चे तेल के आयात में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसलिए इन देशों द्वारा कच्चे तेल के भुगतान के रूप में भारतीय रुपए को स्वीकार करने पर अपनी सहमति दे दी गई थी। अत: अब न केवल रूस और ईरान बल्कि कई अन्य कई देशों यथा श्रीलंका, बंगलादेश एवं अरब राष्ट्र भी भारत से आयात और निर्यात करने पर भारतीय रुपए में भुगतान कर सकेंगे एवं भुगतान प्राप्त कर सकेंगे। इससे अमेरिकी डॉलर की मांग भारत के लिए कम होगी। इससे भारत की अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम हो जाएगी और रुपए की कीमत पर दबाव भी कम होगा। जो अंतत: भारत में मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने में भी सहायक होगा। इससे भारत के साथ विदेशी व्यापार करने वाले देशों को भी लाभ होगा क्योंकि इन देशों द्वारा भारत से आयात की जाने वाली वस्तुओं का भुगतान भी भारतीय रुपए में ही किया जा सकेगा। अत: इन देशों की निर्भरता भी अमेरिकी डॉलर पर कम होगी और इन देशों को भारत से निर्यात और अधिक मात्रा में होने लगेंगे।


अभी तक भारत की 18 देशों के साथ वोस्ट्रो खाता के माध्यम से व्यापार करने पर सहमति बन गई है, इन 18 देशों के 60 स्पेशल रुपया वोस्ट्रो खाते भारत में खोले जा चुके हैं। ये 18 देश हैं, बोत्सवाना, फिजी, जर्मनी, गुयाना, इजराईल, केन्या, मलेशिया, मारीशस, म्यांमार, न्यूजीलैंड, ओमान, रूस, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका, तंजानिया, युगांडा और संयुक्त राज्य अमेरिका। 15 जुलाई 2023 को भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच भी विदेशी व्यापार का निपटान रुपए में करने हेतु समझौता सम्पन्न हुआ है। कुल मिलाकर, विश्व के 34 देशों ने भारत के साथ अपना विदेशी व्यापार भारतीय रुपए अथवा उन देशों की अपनी मुद्रा में करने की इच्छा व्यक्त की है। जबकि 64 अन्य देश, जिसमें इटली एवं जर्मनी जैसे विकसित देश भी शामिल हैं, इस सम्बंध में अपनी सकारात्मक सोच को आगे बढ़ा रहे हैं एवं भारत से उनकी चर्चा भी चल रही है। भारत द्वारा भारतीय रुपए को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेशी व्यापार में भुगतान माध्यम के रूप में स्वीकृति प्रदान करना भारत के लिए गेम चेंजर साबित होगा एवं इससे हाल ही के समय में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर लगातार बढ़ रहे दबाव को न केवल कम किया जा सकेगा बल्कि व्यापार घाटे को भी नियंत्रण में रखा जा सकेगा एवं इससे आयातित मुद्रा स्फीति पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा।

# चुनाव से पूर्व कांग्रेस के सामने अनेक चुनौतियां

(लेखक- डा. भरत मिश्र प्राची)

आगामी वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव है, इससे पूर्व वर्ष के अंतराल में देश के पांच राज्य राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मिजोरम, में विधानसभा के चुनाव है जहां राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है। मध्यप्रदेश में पूर्व में कांग्रेस की ही सरकार थी पर कांग्रेस के असंतुष्ट नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया के कांग्रेस से अलग होकर तत्कालीन विपक्ष भाजपा से हाथ मिलाने के बाद वहां भाजपा सरकार सत्ता में फिर से आ गई। लोकसभा चुनाव से पूर्व सत्ता पक्ष को सत्ता से दूर कर सत्ता तक पहुंचने के प्रयास में विपक्षी दलों ने आई.एन.डी.आई.ए. अर्थात इंडिया का गठन किया है जिसमें आज के समय में कांग्रेस सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। इस गठबंधन में फिलहाल देश के कांग्रेस सहित 26 विपक्षी दल शामिल है। इन दलों में अधिकांश राजनीतिक दल ऐसे है जिनका क्षेत्र में अपना काफी प्रभाव है पर राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस ही इस गठबंधन में सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। वर्षो तक केन्द्र एवं प्रदेश में सत्ता में बने रहने के कारण आज भी देशभर में अन्य विपक्षी दलों के मुकाबले कांग्रेस के कार्यकर्ता सर्वाधिक है जो हर तरह से कांग्रेस से जुड़े हुये है। इन विपक्षी दलों में शामिल आप जिसकी सरकार दिल्ली एवं पंजाब में है। जदयू एवं राजद की सरकार बिहार में है। सपा की सरकार उत्तर प्रदेश में फिलहाल तो नहीं पर उसका प्रभुत्व यहां कांग्रेस से ज्यादा ही है। तृणमूल कांग्रेस जिसकी सुप्रिमों ममता वनर्जी पूर्व में कांग्रेस में रह चुकी है, उसकी सरकार पं. बंगाल में है जहां पूर्व में विपक्षी एकता में शामिल वाम वाम दल माकपा की सत्ता रही है। झामुमो की सत्ता झारखंड में है। इन विपक्षी दलों में शामिल केवल वाम दलों का कांग्रेस के साथ संबंध सदैव बना रहा, सपा ,राजद, जदयू कांग्रेस के विरोधी ही रहे। आप अपने आप को कांग्रेस का विकल्प बताते रहा। इस तरह तो आप से सबसे ज्यादा खतरा कांग्रेस के अस्तित्व को है। विपक्षी दलों में शामिल प्रमुख राजनीतिक दल आप, सपा, राजद, जदयू, झामुमो आदि के पास आज जो वोट बैंक है वह कभी कांग्रेस के पास हुआ करता थां। इस कड़ी में बसपा के वोट बैंक भी कांग्रेस के पास के हीं वोट बैंक है। इस तरह कांग्रेस के वोट बैंक इन दलों में चले जाने के कारण उत्तर भारत से कांग्रेस के पांव उखड़ से गये।

पंजाब की सत्ता कांग्रेस के पास रही पर कांग्रेस नेतृत्व की अनदेखी के चलते हाथ की सत्ता आप के पास चली गई। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि पंजाब में विधान सभा चुनाव के आस - पास वहां के तत्कालीन मुख्यमंत्री कैं. अमरेन्द्र सिंह को नहीं बदलते तो आप की पहुंच सत्ता तक नहीं होती। आज के परिवेश में लोकसभा चुनाव में आप सत्ता में होने के कारण पंजाब की सर्वाधिक सीट पर चुनाव लड़ना चाहेगी, यह वहां के कांग्रेसियों को कतई स्वीकार नहीं होगा जिसकी गूंज अभी से दिल्ली से आनी शुरू हो गई है जहां कांग्रेस ने दिल्ली की सभी लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है।जो आप को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं होगा। कांग्रेस की इस घोषणा से आप एवं कांग्रेस के बीच दूरी बढ़ती नजर आने लगी है जो विपक्षी एकता में दरार पैदा कर सकता है। राजस्थान , मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस विधानसभा की सभी सीट पर चुनाव लड़ सकती है जहां बसपा एवं आप ने भी सभी सीटों पर अपना प्रत्याशी उतारने की घोषणा कर चुके है। इन राज्यों में सीधी टक्कर कांग्रेस एवं भाजपा के बीच हीं है। पर आप एवं बसपा कांग्रेस के वोट बैंक को बिगाड़ सकते है। इस तरह की स्थिति लोकसभा चुनाव में भी उभर सकती है। कांग्रेस पर शुरू से गांधी परिवार का ही वर्चस्व रहा है। यह भी सच्चाई रही है कि जब भी कांग्रेस गांधी परिवार से अलग हुई, जम नहीं पाई, बिखर गई। ऐसे परिवेश में कांग्रेस को समेटना एवं मजबूत बनाने का पूरा दायित्व गांधी परिवार के कंधों पर निर्भर है। कांगेस में गांधी परिवार से जुड़े श्रीमती सोनिया गांधी जिनके नेतृत्व में कांग्रेस केन्द्र में 10 वर्ष तक सत्ता में रही जहां गांधी परिवार के पास सत्ता आने पर देश का प्रधानमंत्री गांधी परिवार से अलग हटकर डॉ. मनमोहन सिंह बने। इसी परिवार के कांग्रेस युवा नेता राहुल गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष बने पर चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद अध्यक्ष पद छोड़ दिया। उसके बाद अध्यक्ष पद पर गांधी परिवार की ओर से किसी के नहीं आने की घोषणा बाद मल्लिकार्जुन अध्यक्ष बने।



राहुल गांधी ईमानदार , मेहनती, जूझारू जरूर है पर राजनीतिज्ञ नहीं जिसके वजह से कांग्रेस को कई मामलों में कमजोर होना पड़ा। भारत जोड़ो यात्रा में जिस दृढ़ता, कुशलता, का परिचय दिया, कांग्रेस उससे मजबूत हुई है। कांग्रेस के वे भावी नेता है जिनमें अधिकांश कांग्रेसी प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे है। लोकसभा चुनाव में भी राहुल बनाम मोदी का मुद्दा उभर सकता है। पर राहुल गांधी की बचकानी हरकतें उन्हें कमजोर करती जा रही है। ऐसे परिवेश में राहुल गांधी को गंभीर व्यक्तित्व उभारना होगा। प्रियंका बडेरा अच्छी वक्ता है।इसी परिवार से जुड़ा एक और गांधी परिवार वरूण गांधी, मेनका गांधी है जो फिलहाल भाजपा में है। वरूण गांधी अच्छे वक्ता है जिनके फिलहाल तेवर वर्तमान भाजपा सरकार के खिलाफ है। गांधी परिवार से अलग हटकर कई कांग्रेसी नेता अभी भी कांग्रेस में मौजूद है जिनके आगे होने से कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन कर सकती है।

विपक्षी एकता का चुनाव पूर्व क्या स्वरूप होगा, कुछ कहा नहीं जा सकता पर कांग्रेस के सामने अनेक चुनौतियां है। जहां उसके दुश्मन ज्यादा, मित्र बहुत कम है। कांग्रेस में अच्छें नेताओं की आज भी कमी नहीं है। पर ऐसे परिवेश में कांग्रेस अपने अस्तित्व को बचाने एवं बेहतर बनाने की दिशा में अच्छे नेताओं को जो किसी कारण गुमनाम हो रहे है, आगे कर महत्वपूर्ण कदम उठा सकती है । इसके लिये, कांग्रेस से बाहर जाते कदम पर विराम लगाना एवं बाहर गये कांग्रेस नेताओं को ऐनकेन प्रकारेण वापिस लाना सकरात्मक प्रयास हो सकता है। जिसमें वर्तमान गांधी परिवार की भूमिका अग्रणी हो सकती है। गांधी परिवार के प्रयास से पूरा गांधी परिवार एक जगह तो बैठ सकता ही है, पुराने सुलझे हुये कांग्रेसी नेता भी सक्रिय हो सकते। सत्ता की लड़ाई में इस तरह का कदम कांग्रेस के लिये हितकर साबित हो सकता है।

विचार मंथन

# परिवारवाद की व्याख्या राजशाही से

(लेखक - सनत जैन)

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भोपाल आए थे। उन्होंने पत्रकारों के सवाल के जवाब में परिवारवाद की राजनीति को जहर करार देते हुए कहा, परिवारवाद की व्यवस्था में जब किसी पार्टी और उसके नेतृत्व वाली सरकार पर नियंत्रण, एक ही परिवार के हाथों में होता है। उसे ही परिवारवाद कहा जाता है। अभी तक परिवारवाद को लेकर यह कहा जा रहा था कि राजनीति में एक ही परिवार के सदस्यों को टिकट देने और पद देने को परिवारवाद कहा जाता है। 1977 के बाद से क्षेत्रीय पार्टियों का गठन होना शुरू हुआ जिन राजनेताओं ने नई पार्टी का गठन किया वह उस पार्टी के सर्वोसर्वा बन गए। क्योंकि उनका प्रभाव अपने पार्टी और मतदाताओं के बीच में बना रहता था इसके कारण वह जिसको भी टिकट देते थे वह चुनाव जीत जाता था। भारतीय जनता पार्टी ने 2012 के बाद से परिवारवाद के नाम पर कांग्रेस और क्षेत्रीय पार्टियों का विरोध करना शुरू कर दिया। भोपाल में जिस तरह से उन्होंने परिवारवाद की नई परिभाषा दी है। उसके अनुसार समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, टीएमसी, शिवसेना,(उद्धव ठाकरे) एनसीपी डीएमके अन्ना डीएमके जनता दल यू जनता दल एस राजद इत्यादि सभी राजनीतिक दलों को परिवारवादी पार्टी मानकर भाजपा विरोध करती रही है। भारतीय जनता पार्टी में भी बड़ी संख्या में परिवार के कई सदस्यों विधायक सांसद और मंत्री बने हुए हैं। इसको लेकर विपक्ष ने अब भाजपा पर परिवारवाद को लेकर हमला तेज कर दिया है।अमित शाह ने बचाव करते हुए कहा, कि भाजपा में कोई यह नहीं कह सकता है। कि पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन बनेगा।भाजपा का कोई नेता ऐसा दावा नही कर सकता है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी राजनाथ सिंह इत्यादि नाम का उल्लेख करते हुए कहा, कि किसी के परिवार को वह पद नहीं दिया गया है। उन्होंने गांधी परिवार पर हमला करते हुए कहा कि एक के बाद एक इसी परिवार के लोग अध्यक्ष क्यों बनते हैं। भारत में कांग्रेस सहित सभी प्रादेशिक राजनीतिक दलों में परंपरागत रूप से सत्ता स्थानांतरण होती है। वह परिवारवाद के दायरे में आती है। राजनीति में जिस तरह से बार-बार अपनी सुविधानुसार परिभाषा को राजनेताओं द्वारा बदल दिया जाता है। उसको लेकर अब आम जनों में इसकी कोई प्रतिक्रिया होती हुई नजर नहीं आ रही है। भारतीय जनता पार्टी में 2014 के बाद से 75 वर्ष की उम्र में नेताओं को रिटायर करने, उनके परिवार जनों को टिकट ना देकर नए लोगों को टिकट देने का काम शुरू किया गया है। इसके बाद से ही परिवारवाद को निशाने पर रखा जा रहा है। इसके बाद बीजेपी में एक ही परिवार से 2 लोगों को राजनीति में प्रवेश नहीं दिया गया था। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा को अपने ही बनाए नियम तोड़ना पड़े। एक नई बयार भाजपा के अंदर से बहना शुरू हुई है। उसमें भाजपा नेताओं ने भी यदि 75 वर्ष की उम्र में उनकी टिकट काटने की बात कही जाती है। ऐसी स्थिति में भाजपा नेता अपने परिवार की सदस्य को ही टिकट दिलाने कर्नाटक में अड़ गए , तो भाजपा को वहां टिकिट देनी पडी। अब यही स्थिति हिंदी भाषी राज्यों में विशेष रूप से मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान में देखने को मिल रही है। भारतीय जनता पार्टी में भी दूसरी और तीसरी पीढ़ी के परिवारजन राजनीति में बने हुए हैं। इसके कारण भाजपा को अब परिवारवाद की परिभाषा बदलना पड़ रही है। भारतीय जनता पार्टी ने कह दिया है, कि परंपरागत रूप से पार्टी की सत्ता एक ही परिवार के लोगों में ट्रांसफर होती है। वही परिवारवाद है। राजशाही की तरह, लोकतंत्र में इसे परिवारवाद भाजपा ने मान लिया है। बहरहाल अपनी अपनी सुविधानुसार अपने नियम कायदे, कानून, धारणा बना लेना बड़ा आम हो गया है। जनता के बीच इसकी क्या प्रतिक्रिया होती है। यह तो जनता को ही तय करना है। भारत में वैसे भी कुल परंपरा सदियों से चली आ रही है। पूर्वजों के संस्कार ओर पूर्वजों के कामों को आगे बढाने का काम नई पीढ़ी करती है।कांग्रेस बहुत पुरानी पार्टी है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर अभी तक गांधी परिवार सतत राजनीति में है।देश और दुनिया में उन्हें स्वीकार किया जा रहा है। मतदाता उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चलकर भेजता है। उनकी पार्टी संगठन के पदों पर उन्हें चुनती है। ऐसी स्थिति में परिवारवाद का मुद्दा पिछले 10 सालों में बना था। उसका प्रभाव अब धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। परिवारबाद को लेकर अब भाजपा के अंदर ही विद्रोह की स्थिति पैदा होने लगी है। अत: यह मामला अब ज्यादा दिन टिकने वाला नहीं है।




## जेएसएफ के शेयरों में लगा निचला सर्किट

**मुंबई ।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज (जेएसएफ) के शेयरों में सोमवार को लिस्टिंग के दिन 5 फीसदी का निचला सर्किट लगा। बीएसई पर शेयर 5 फीसदी के निचले सर्किट में 251.75 रुपये पर बंद थे। शेयर 265 रुपये प्रति शेयर पर सूचीबद्ध हैं, जो इसके व्युत्पन्न मूल्य 261.85 रुपये से मामूली प्रीमियम है। स्टॉक को बीएसई पर टी समूह प्रतिभूतियों में लेनदेन के लिए स्वीकार किया जाता है, इसका अर्थ है कि स्टॉक में इंट्रा-डे ट्रेडिंग की अनुमति नहीं है। यह शेयर 10 कारोबारी दिनों के लिए ट्रेड-फॉर-ट्रेड सेगमेंट में रहेगा। बीएसई पर रिलायंस इंडस्ट्रीज भी 1 फीसदी से ज्यादा गिरावट के साथ 2,529 रुपये पर कारोबार कर रहा है। यह लिस्टिंग एनसीएलटी मुंबई द्वारा स्वीकृत रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (अलग हुई कंपनी) और उसके शेयरधारकों और लेनदारों और जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (पूर्व में रिलायंस स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रूप में जानी जाती थी) (परिणाम कंपनी) और उसके शेयरधारकों और लेनदारों के बीच व्यवस्था की योजना के अनुसार है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के वित्तीय सेवा व्यवसाय को जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (पूर्व में रिलायंस स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) में स्थानांतरित करने और निहित करने की योजना के तहत, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (जिसे पहले रिलायंस स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयरधारकों को इक्विटी शेयर जारी और आवंटित करेगी। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का प्रत्येक शेयर 10/- रुपये का पूर्ण भुगतान वाला इक्विटी शेयर होगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड में रखे गए 10/- रुपये के प्रत्येक 1पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयर के लिए जारी और आवंटित किया गया।

## एक्स जल्द ही नौकरी खोजने की सुविधा शुरू करेगा

**सैन फ्रांसिस्को ।** एक्स जल्द ही एक नौकरी खोज सुविधा शुरू करने वाला है। इससे यूजर्स सीधे प्लेटफॉर्म पर नौकरी ढूंढ सकेंगे। एक्स न्यूज़ को कवर करने वाले एटदरेट एक्े सडेली ने पोस्ट किया कि एलन मस्क की एआई कंपनी ने एटदरेट एक्े सहाइरिंग के माध्यम से अपने पेज पर नौकरी लिस्टिंग पोस्ट करना शुरू कर दिया है। हालांकि यह अभी केवल वेब और यूएस में ही दिखाई दे रहा है। जब एक यूजर्स ने पूछा, लेकिन हम कैसे जानेंगे कि कौन भर्ती कर रहा है? जॉब-मैचिंग प्लेटफॉर्म लास्की के पूर्व सीईओ क्रिस बक्के, जिसे ट्विटर ने मई में अधिग्रहण किया था, ने कहा` कि नौकरी की खोज लेकिन अधिक महत्वपूर्ण बात योग्य अवसरों के लिए मैचमेकिंग दोनों जल्द ही आ रहे हैं। पिछले महीने ऐप शोधकर्ता नीमा ओवजी ने नौकरी लिस्टिंग सुविधा का विवरण देते हुए एक स्क्रीनशॉट पोस्ट किया था, इसमें पता चला था कि कंपनी इस सुविधा का वर्णन ट्विटर हायरिंग के रूप में करती है और यह सत्यापित संगठनों के लिए आपकी कंपनी प्रोफ़ाइल पर नौकरियां पोस्ट करने के लिए एक मुफ़्त सुविधा है। सत्यापित संगठन अपने प्रोफाइल में अधिकतम पांच पद जोड़ सकेंगे। मस्क ने इस साल मई में इस फीचर का संकेत दिया था।

## आई-फॉक्स विंडटेक्निक को एनएलसी इंडिया से मिला ऑर्डर

**नई दिल्ली ।** आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज की अनुषंगी कंपनी आई-फॉक्स विंडटेक्निक को तमिलनाडु में 51 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना के संचालन और रखरखाव का एनएलसी इंडिया से ऑर्डर मिला है। आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (आईजीईएसएल) एक अग्रणी पवन ऊर्जा संचालन व रखरखाव (ओएंडएम) सेवा प्रदाता है। कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार अनुबंध पांच साल का है, जिससे करीब 40 करोड़ रुपए का राजस्व मिलेगा। इसमें बिजली निकासी प्रणाली सहित संचालन व रखरखाव शामिल है। आईजीईएसएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एसके मथु सुधाना ने कहा कि यह अनुंबंध मिलना आईजीईएसएल और हमारी अनुषंगी कंपनी आई-फॉक्स विंडटेक्निक के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

# गडकरी 22 को भारत एनसीएपी करेंगे लॉन्च

### -कारों को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 22 अगस्त को भारत एनसीएपी को लॉन्च करेंगे। केंद्र सरकार जल्द ही देश में कारों को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने वाली है। इसके तहत भारत में बनाने वाली सभी पैसेंजर वाहनों को नए सुरक्षा नियमों का पालन करना होगा। वाहनों के लिए नया सेफ्टी नियम इस साल अक्टूबर देश में लागू हो जाएगा, मारुति और टाटा मोटर्स जैसे घरेलू निर्माता पहले ही भारत एनसीएपी लाने की पहल का स्वागत कर चुके हैं। केंद्रीय परिवहन मंत्री गडकरी ने एक भाषण में कहा कि भारत एनसीएपी को लागू करने का मुख्य उद्देश्य भारत में बिकने वाली कारों के सेफ्टी स्टैंडर्ड को बढ़ाना है जिससे कारें अधिक सुरक्षित होंगी और दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घालय होने वालों की संख्या में कमी आएगी।

उन्होंने कहा कि भारत एनसीएपी के तहत 3.5 टन तक के पैसेंजर वाहनों का क्रैश टेस्ट किया जाएगा। ग्लोबल एनसीएपी के तरह ही भारत एनसीएपी के तहत कारों का क्रैश टेस्ट करने के बाद उन्हें कई मानकों पर रेटिंग दी जाएगी। कार निर्माता अपनी स्वेच्छा से मोटर वाहन उद्योग मानक (ए.आई.एस.) 197 के अनुसार अपनी कारों का परीक्षण करवा सकते हैं। परीक्षण के बाद, कारों को एडल्ट ऑक्यूपेंट (एओपी) और चाइल्ड ऑक्यूपेंट (सीओपी) सुरक्षा के लिए स्टार रेटिंग प्राप्त होगी, जिससे संभावित ग्राहकों को सुरक्षा मानकों का मूल्यांकन करने और सूचित खरीद निर्णय लेने में सहायता मिलेगी।

ये स्टार रेटिंग नकली दुर्घटना परिदृश्यों में कार के प्रदर्शन को दर्शाती हैं जिससे कार ग्राहक समझ सकेंगे की उनकी कार किन मायनों में कितनी सुरक्षित है। इन रेटिंग्स का उपयोग करके, उपभोक्ता वाहनों की सुरक्षा विशेषताओं की प्रभावी ढंग से तुलना कर सकते हैं, जिससे वे कार खरीदते समय अच्छी तरह से सूचित निर्णय ले सकेंगे।मौजूदा समय में ज्यादातर कार कंपनियां अपनी कारों की सेफ्टी टेस्ट के लिए ग्लोबल एनसीएपी पर निर्भर हैं।

## टमाटर के बाद प्याज भी होगा महंगा?

**नासिक ।**

टमाटर के बाद अब प्याज के दाम भी आसमान पर पहुंच सकते हैं। प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाने के केंद्र के फैसले का विरोध करते हुए एशिया में प्याज के सबसे बड़े थोक बाजार नासिक के व्यापारियों और कमीशन एजेंटों ने सोमवार से प्याज व्यापार का बॉयकाट करने का फैसला किया है। इसके कारण देश में प्याज की सप्लाई पर असर पड़ सकता है और दाम बढ़ सकते हैं। रविवार को नासिक के निफाड तालुका के लासलगांव में आयोजित एक बैठक में ट्रेडर्स एंड कमीशन एजेंट्स एसोसिएशन ने सोमवार से व्यापार का बहिष्कार करने की अपील की। संगठन ने राज्य के अन्य हिस्सों के व्यापारियों से उनके फैसले का समर्थन करने का अनुरोध किया है। गौरतलब है कि शनिवार को केंद्र सरकार ने निर्यात को कम करने के लिए प्याज पर 40 प्रतिशत का निर्यात शुल्क लगाया। एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक सरकार ने यह कदम प्याज की फसल की कमी और गोदामों में रखे प्याज की क्वालिटी के मुद्दों को देखते हुए थोक और खुदरा प्याज की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी को देखते हुए उठाया है, जबकि प्याज के व्यापारियों, कमीशन एजेंटों और किसान प्रतिनिधियों ने फैसले का विरोध किया।

## देश का विदेशी व्यापार 800 अरब डॉलर के पार: जीटीआरआई



**नई दिल्ली ।** देश का विदेशी व्यापार 2023 की पहली छमाही के दौरान 800 अरब डॉलर के आंकड़े के पार पहुंच गया है। हालांकि पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में इसमें 2.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। शोध संगठन जीटीआरआई ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के विश्लेषण के अनुसार इस साल जनवरी से लेकर जून तक वस्तुओं व सेवाओं का निर्यात 1.5 प्रतिशत बढ़कर 385.4 अरब डॉलर हो गया, जबकि जनवरी-जून 2022 में यह 379.5 अरब डॉलर था। हालांकि, समीक्षाधीन इन छह महीनों में आयात 5.9 प्रतिशत घटकर 415.5 अरब डॉलर हो गया, जबकि जनवरी-जून 2022 में यह 441.7 अरब डॉलर था। रिपोर्ट के अनुसार जनवरी-जून 2023 के दौरान भारत का विदेशी व्यापार (माल व सेवाओं का निर्यात तथा आयात) 800.9 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि जनवरी-जून 2022 की तुलना में 2.5 प्रतिशत कम है। जीटीआरआई के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता खोने के कारण आंकड़ों मामूली गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि 2023 के लिए विश्व व्यापार यूक्रेन में चल रहे युद्ध, उच्च मुद्रास्फीति, सख्त मौद्रिक नीति और वित्तीय अनिश्चितता सहित कई कारकों के कारण कमजोर है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### सेंसेक्स 267 , निफ्टी 83 अंक ऊपर आया

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद बीएसई का तीस शेयरों वाला सेंसेक्स 267.43 अंक करीब 0.41 फीसदी बढ़कर 65,216.09 अंक पर बंद हुआ। वहीं कारोबार के दौरान सेंसेक्स 65,335.82 तक ऊपर जाने के बाद 64,852.70 तक फिसला था। दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 83.45 अंक तकरीबन 0.43 फीसदी बढ़कर अंत में 19,393.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 19,425.95 तक ऊपर जाने के बाद में 19,296.30 तक गिरा।

आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में 23 शेयर लाभ के साथ बंद हुए। पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेस, एनटीपीसी और आईटीसी सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले पांच शेयर रहे।सबसे ज्यादा लाभ पावर ग्रिड के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 2.58 फीसदी उछले।




दूसरी तरफ सेंसेक्स के शेयरों में केवल 7 शेयर ही नुकसान पर बंद हुए। बाजार में उतरने के बाद पहले ही दिन जियो फाइनैंशियल के शेयर नीचे आये में रहे और 5 फीसदी की गिरावट के साथ सेंसेक्स के सबसे अधिक नुकसान वाले शेयर रहे। इसके अलावा रिलायंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, एसबीआई, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचडीएफसी बैंक के शेयर नीचे आये। हल्की बढ़त के साथ खुले शेयर बाजार इससे पहले आज सुबह बाजार हल्की बढ़त के साथ शुरु हुआ। शुरूआती कारोबार में एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स 100 अंक से अधिक बढ़कर 65,069 के स्तर के आसपास कारोबार कर रहा था जबकि निफ्टी 19,300 अंक से ऊपर सपाट बना हुआ था। इस बीच व्यापक बाजारों ने बेंचमार्क सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन किया और निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 0.6 प्रतिशत तक चढ़ गए।

# यूबीआई ने प्रोसेसिंग फीस की माफ, होम और ऑटो पर मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं करने के फैसले के बाद पब्लिक सेक्टर के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) ने 700 और उससे अधिक क्रेडिट स्कोर वाले सभी नए ग्राहकों के लिए होम लोन, फोर और टू-व्हीलर लोन के लिए प्रोसेसिंग फीस में 100 फीसदी छूट की घोषणा की है। यह ऑफर 16 अगस्त, 2023 से 15 नवंबर, 2023 तक के लिए होगा। यह छूट अन्य बैंकों और वित्तीय संस्थानों से होम लोन के टेकओवर के लिए भी बढ़ाई गई है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया 7 दिनों से लेकर 10 साल तक की अवधि की एफडी पर आम जनता को 3 से 7 फीसदी सालाना और वरिष्ठ नागरिकों को 3.50 से 7.50 फीसदी सालाना की ब्याज दरें देता है। बैंक की टैक्स सेविंग एफडी पर ब्याज दर 5 से 10 साल की अवधि के लिए आम जनता के लिए 6.70 फीसदी सालाना और वरिष्ठ नागरिक जमाकर्ताओं के लिए 7.20




फीसदी सालाना है। हाल ही में बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने होम और कार लोन पर ब्याज दर में 0.20 फीसदी तक की कटौती की थी। इसके अलावा बैंक ने प्रोसेसिंग फीस को माफ करने की घोषणा भी की थी। इस कटौती के साथ होम लोन अब मौजूदा 8.60 फीसदी की जगह 8.50 फीसदी पर उपलब्ध होगा। दूसरी ओर कार लोन को 0.20 फीसदी सस्ता कर 8.70 फीसदी कर दिया गया है। बैंक की नई दरें 14 अगस्त, 2023 से प्रभावी हो चुकी हैं।

## एफएमसीजी क्षेत्र में जून तिमाही में मुद्रास्फीति कम होने से बिक्री बढ़ी

**मुंबई ।**

दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुओं (एफएमसीजी) के उद्योग में जून तिमाही में मुद्रास्फीति कम होने की वजह से बिक्री बढ़ी और सकल मार्जिन में विस्तार हुआ, जिससे चुनिंदा श्रेणियों में छोटी कंपनियों को भी बढ़ावा मिला। महंगाई बढ़ने से बाजार खंड छोड़ने वाली कई छोटी कंपनियों ने वापसी कर ली है और स्थानीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा को बढ़ा दिया है, जिससे कई बड़ी एफएमसीजी कंपनियों को कीमतों में बदलाव करना पड़ा है। आइसक्रीम और पेय पदार्थों की श्रेणियों को छोड़कर अधिकांश सूचीबद्ध एफएमसीजी इकाइयों ने घरेलू देखभाल, व्यक्तिगत देखभाल, सौंदर्य व खाद्य उत्पादों की बिक्री में वृद्धि दर्ज की है। यह पहली तिमाही में अप्रैल और मई की शुरुआत में बेमौसम बारिश से प्रभावित हुई थी। भौतिक मुद्रास्फीति के उच्च एकल अंक से कम एकल अंक में आते ही शहरी और ग्रामीण, दोनों बाजारों में मात्रा में वृद्धि हुई है, जिससे मांग में सुधार के अच्छे संकेत मिल रहे हैं। हालांकि एचयूएल, आईटीसी, गोदरेज कंज्यूमर, डाबर, मैरिको और टाटा कंज्यूमर जैसे निर्माताओं का विज्ञापन और प्रचार पर खर्च बढ़ रहा है। इसके अलावा एफएमसीजी कंपनियां अब कम निर्माण लागत का लाभ उपभोक्ताओं को दे रही हैं, जिससे मूल्य वृद्धि में क्रमिक कमी आ रही है।




मुम्बई में जेएफएसएल के स्टॉकी एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने पर जियो फाइनेंसियल सर्विसेज के गैर कार्यकारी निदेशक केवी कामथ और बीएसई अध्यक्ष एस मूंदरा घंटी बजाते हुए।

## चीन की अर्थव्यवस्था संकट में, आर्थिक मॉडल चरमराया: डब्ल्यूएसजी

**वाशिंगटन ।**

दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चीन की अर्थव्यवस्था अब गहरे संकट में है और उसका 40 साल का सफल वृद्धि मॉडल चरमरा गया है। अमेरिका के एक प्रमुख दैनिक समाचार पत्र ने अपनी खबर में यह बात कही। खबर के मुतो बिक अर्थशास्त्री अब मानते हैं कि चीन बहुत धीमी वृद्धि के युग में प्रवेश कर रहा है। प्रतिकूल जनसांख्यिकी और अमेरिका तथा उसके सहयोगियों के साथ बढ़ती दूरियों से स्थिति और खराब हो गई है, जो विदेशी निवेश व व्यापार को खतरे में डाल रहा है। अखबार ने कोलंबिया विश्वविद्यालय में इतिहास के प्रोफेसर व आर्थिक संकटों के विशेषज्ञ एडम टोजे के हवाले से कहा` कि हम आर्थिक इतिहास के सबसे नाटकीय बदलाव को देख रहे हैं। खबर में बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के आंकड़ों के हवाले से कहा गया कि सरकार व राज्य के स्वामित्व वाली कंपनियों के विभिन्न स्तरों के कर्ज सहित कुल ऋण 2022 तक चीन के सकल घरेलू उत्पाद का करीब 300 प्रतिशत हो गया था, जो अमेरिकी स्तर को पार कर गया। यह 2012 में 200 प्रतिशत से भी कम था। दूसरी ओर, चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो (एनबीएस) ने जून में कहा था कि चीन का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2023 की पहली छमाही (एच1) में सालाना आधार पर 5.5



प्रतिशत बढ़ा। पहली छमाही में चीन की जीडीपी 59,300 अरब युआन रहा।

# पेट्रोल और डीजल की कीमत कुछ शहरों में बदली

### - ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 84.67 डॉलर प्रति बैरल



**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के भाव एक बार फिर 85 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गए हैं। इसका असर घरेलू बाजार पर भी दिख रहा है। सोमवार सुबह सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में बदलाव दिख रहा है। एक शहर में तो पेट्रोल के दाम 108 रुपए लीटर से भी ऊपर चले गए हैं। हालांकि, देश के चारों महानगरों में इनकी कीमत नहीं बदली है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार नोएडा में पेट्रोल 27 पैसे गिरकर 96.65 रुपए लीटर बिक रहा है। डीजल भी 25 पैसे गिरा और 89.80 रुपए लीटर पहुंच गया है। यूपी की राजधानी लखनऊ में पेट्रोल 11 पैसे सस्े ता होकर 96.47 रुपए लीटर हो गया तो डीजल 10 पैसे गिरकर 89.91 रुपए लीटर बिक रहा है। राजस्े थान की राजधानी जयपुर में पेट्रोल 5 पैसे महंगा हुआ और 108.48 रुपए लीटर है, जबकि डीजल 5 पैसे चढ़कर 93.72 रुपए लीटर बिक रहा है। कच्े चे तेल की कीमतों में बदलाव दिख रहा है। ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 84.67 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्े ल्े यूटीआई भी उछाल लेकर 81.23 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.80 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.47 रुपए और डीजल 89.51 रुपए प्रति लीटर हो गया है। जयपुर में पेट्रोल 108.48 रुपए और डीजल 93.72 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# किआ सेल्टास की रोजाना हो रही 1 हजार बुकिंग

### माइलेज और सेफ्टी के आगे घुटने टेक रहीं दूसरी कारें

**नई दिल्ली ।**

भारतीय बाजार में एक महीने पहले ही आई एसयूवी ने ऐसा धमाल मचा दिया है कि अब टाटा और ह्युंडई दोनों ही अपनी गाड़ियों को पूरी तरह से बदल कर फेसलिफ्ट मॉडल लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं। यहां पर हम बात कर रहे हैं किआ सेल्टास के फेसलिफ्ट मॉडल की। अपने सेफ्टी फीचर्स, एडवांस टेक्नोलॉजी और माइलेज के बल पर इसके आगे दूसरी कंपनियों की गाड़ियां मानो घुटने टेकती नजर आ रही हैं।

हालात ये है कि लॉन्च होने के 1 महीने के अंदर ही कंपनी को 31,716 बुकिंग्स मिली हैं। इसको दूसरी तरह से देखा जाए तो हर दिन 1 हजार से ज्यादा किआ सेल्टॉस देश में बुक हो रही हैं। इसमें भी बड़ी बात ये है कि कार के टॉप वेरिएंट को लोग ज्यादा बुक करवा रहे हैं। किआ के अनुसार 55 प्रतिशत बुकिंग एचटीएक्स ट्रिम्स के ऊपर वाले वेरिएंट्स की हुई हैं।

गौरतलब है कि सेल्टॉस के फेसलिफ्ट मॉडल की बुकिंग कंपनी ने 14 जुलाई को शुरू की थी। कार में आपको पेट्रोल और डीजल के तीन इंजन ऑप्शन भी मिलते हैं। सेल्टॉस में 1.5 लीटर पेट्रोल नैचुरली एस्पिरेटेड इंजन दिया गया है जो 115 बीएचपी की पावर जनरेट करता है, इसका मैक्सिमम टॉर्क 144 एनएम का है। वहीं दूसरा पेट्रोल इंजन भी 1.5 लीटर का ही है लेकिन ये टर्बो चार्ज्ड है और 160 बीएचपी की पावर जनरेट करता है। इसका मैक्सिम टॉर्क 253 एनएम का है।

किआ सेल्टॉस के माइलेज की बात की जाए तो पेट्रोल इंजन में कंपनी इसका 17 से 20 किलोमीटर प्रति लीटर का क्लेम करती है। वहीं डीजल इंजन में इसका माइलेज जबर्दस्त है। कंपनी के अनुसार डीजल सेल्टॉस आपको 20 किलोमीटर प्रति लीटर से भी ज्यादा का माइलेज देगी।

डीजल इंजन की बात की जाए तो वो भी 1.5 लीटर का टर्बो चार्ज्ड इंजन है जो 116 पीएस की पावर और 250 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है।

कार में 6 स्पीड मैनुअल, 6 स्पीड आईएमटी और 7 स्पीड डीसीटी गियरबॉक्स का ऑप्शन दिया गया है।




## स्टीड को विलियम्सन के विश्वकप तक फिट होने का भरोसा

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड को उम्मीद है कि कप्तान केन विलियम्सन पांच अक्टूबर से होने वाले विश्वकप से पहले फिट हो जाएंगे। विलियम्सन के दाहिने घुटने की सर्जरी हुई है। इसी कारण वह इंग्लैंड दौरे के लिए भी टीम में नहीं हैं। कोच का मानना है कि वह अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप के तक उबर जाएंगे। स्टीड ने कहा, हम सही चिकित्सीय सलाह लेने के लिये अपनी क्षमता में सब कुछ करेंगे। हम उन्हें विश्वकप के लिए ले जाने से पहले पक्का करना चाहते हैं कि वह पूरी तरह फिट हों। अभी इस बारे में कुछ भी कहना जल्दबाज़ी होगी। गौरतलब है कि विलियम्सन ने 31 मार्च को चोट लगने के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। आईसीसी ने एकदिवसीय विश्व कप के लिये टीम घोषित करने के लिये अगले माह पांच सितंबर तक का समय दिया है। आईसीसी के नियमों के अनुसार कोई भी टीम 28 सितंबर तक अपनी टीम में बदलाव कर सकती है। स्टीड ने कहा, विलियमसन दिन-प्रतिदिन, फिटनेस पर बहुत काम कर रहा है। हम उसके साथ स्पष्ट और सावधान रहे हैं कि हम बहुत आगे के बारे में न सोचें। उसने वैसी ही प्रगति की है जैसी हमें उम्मीद थी। उन्होंने कहा, आपको घुटने की चोट के साथ सावधानी रखनी होती है। हम कोशिश करेंगे और लगभग आने वाले समय में उनके खेलने पर लेंगे। ये चिकित्सा विशेषज्ञों की सलाह पर होगा।

# एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित

## राहुल और श्रेयस की वापसी

### तिलक और सूर्यकुमार भी शामिल

**मुम्बई ।**

एशिया कप के लिए सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी गयी। 30 अगस्त से शुरु हो रहे इस टूर्नामेंट के लिए 17 सदस्यीय इस टीम में बल्लेबाज केएल राहुल और श्रेयस अय्यर दोनो की ही वापसी हुई है। ये दोनो ही चोट और सर्जरी के कारण लंबे समय से टीम से बाहर थे। इसके अलावा युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव को भी टीम में जगह मिली है। तिलक और सूर्यकुमार ने वेस्टइंडीज दौरे में अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं आयरलैंड के खिलाफ जारी टी20 सीरीज में शानदार गेंदबाजी कर अपनी फिटनेस साबित करने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी टीम में शामिल किया गया है। इसके साथ ही युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा भी चोट से उबर गये हैं और उन्हें भी इस सीरीज के लिए अवसर मिला है। कृष्णा के पास अच्छा प्रदर्शन कर अपनी उपयोगिता साबित करने का अवसर है। वहीं राहुल और श्रेयस की फिटनेस का आंकलन भी इस सीरीज में हो जाएगा। इन दोनो को भी आगामी एकदिवसीय विश्कप को देखते हुए इस सीरीज से अवसर दिया गया है ताकि इनकी लय और फिटनेस का स्तर देखा जा सके। ये दोनो ही मध्यक्रम के अहम बल्लेबाज हैं, ऐसे में सभी की नजरें इन दोनो पर रहेंगी।

एशिया कप इस बार एकदिवसीय प्रारुप में खेला जाएगा। ऐसे में इस टूर्नामेंट से टीम को अभ्यास का अच्छा अवसर मिलेगा। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम का पहलामुकाबला 2 सितंबर को कैंडी में पाकिस्तान से होगा।

कप्तान रोहित ने कहा है कि लगातार अच्छे प्रदर्शन के कारण तिलक को शामिल किया गया है। वहीं स्पिनर यजुवेन्द्र चहल को शामिल नहीं किये जाने पर कहा कि उसने भी अब तक अच्छा खेला है पर अक्षर पटेल को इसलिए प्राथमिकता दी गयी क्योंकि हम चाहते थे कि टीम को एक अतिरिक्त बल्लेबाज भी मिल जाये। रोहत के अनुसार हम चाहते हैं कि टीम में 8वें, 9वें नंबर तक खिलाड़ी बल्लेबाजी करें। ऐसे में अक्षर को चहल से बेहतर विकल्प माना गया। अक्षर ने पिछ्ले कुछ समय में काफी रन भी बनाये हैं। वहीं खिलाड़ियों को अलग-अलग क्रम पर उतारने को लेकर इस बल्लेबाज ने कहा कि ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि हम चाहते हैं कि कोई भी खिलाड़ी किसी भी क्रम पर बल्लेबाज कर सके।

**इनकी हुई वापसी**

टीम इंडिया में लंबे समय बाद राहुल और अय्यर की वापसी हुई है। ये दोनो ही चोटिल थे। वहीं तेज गेंदबाज बुमराह ने आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में वापसी की थी, जबकि राहुल और श्रेयस सीधे एशिया कप में खेलते दिखाई देंगे।

भारतीय टीम एशिया कप में अपने अभियान की शुरुआत 2 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ करेगी। यह मुकाबला पल्लीकेल के प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने पिछ्ली बार एकदिवसीय प्रारुप में जीत दर्ज की थी। इस बार भी वह जीत दर्ज कर विश्वकप के लिए अपना मनोबल बढ़ाना चाहेगी।

**टीम इस प्रकार है:**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, इशान किशन, हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा।

# टी20 में सबसे तेजी से 50 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बने अर्शदीप

**डबलिन ।**



तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह सबसे तेजी से 50 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गये हैं। अर्शदीप ने यह उपलब्धि मेजबान आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में एंड्रयू बलबिरनी का विकेट लेने के साथ ही हासिल की। भारत की ओर से टी20 अंतराष्ट्रीय में सबसे तेज 50 विकेट लेने का रिकॉर्ड स्पिनर कुलदीप यादव के नाम हैं। अर्शदीप ने 33 मैच में यह उपलब्धि हासिल की जबकि कुलदीप यादव ने केवल 29 मैचों में ही अपने 50 विकेट पूरे कर लिए थे। भारतीय टीम ने मेजबान टीम के खिलाफ दूसरे टी20 में जीत के साथ ही सीरीज में 2-0 से बढ़त ले ली है। अर्शदीप के नाम इस मैच से पहले तक टी20 में 49 विकेट थे। आयरलैंड के खिलाफ टीम इंडिया आखिरी टी20 मैच 23 अगस्त को डबलिन में खेलेगी। भारतीय टीम की नजर आयरलैंड को इस मैच में हराकर उनका क्लीन स्वीप करने पर होगी। अर्शदीप के अभी 50 विकेट हैं और कुलदीप के 52।, ऐसे में अगर अर्शदीप अगले टी20 मैच में दो से ज्यादा विकेट ले लेते हैं तो वह कुलदीप से आगे निकल जाएंगे क्योंकि कुलदीप इस सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं है।

## विश्व चैम्पियनशिप में प्रणय और लक्ष्य से रहेंगी उम्मीदें

**कोपनहेगन ।**

यहां शुरु होने जा रहे बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप में भारत को एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन से पदक की उम्मीद रहेंगी। इन दोनो के अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी भी जीत की दावेदार रहेगी। ये जोड़ी इस समय विश्व की दूसरी नंबर की जोड़ी है। पिछ्ले चरण में इस जोड़ी ने कांस्य पदक जीता था और इस बार वह अपने पदक का रंग बदलना चाहेगी। इतिहास पर नजर डालें तो भारत ने पिछ्ले 46 साल में इस प्रतियोगिता में एक स्वर्ण सहित 13 पदक जीते हैं जिसमें चार रजत और आठ कांस्य पदक भी शामिल हैं। दिग्गज खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण ने साल 1993 में यहां कांस्य पदक जीता था। वहीं 2011 के बाद से ही महिला एकल में देश की खिलाड़ी हमेशा से ही एक पदक जीतती आ रही हैं। सिंधु विश्व चैम्पियनशिप में भारत की सबसे सफल खिलाड़ी रही हैं वह 2019 में चैम्पियन रहीं थीं और उनके नाम पांच पदक हैं पर बासेल चरण के बाद से वह ही असफल रही हैं और इस सत्र में भी पहले की तरह से नहीं खेल पायी हैं। वहीं किदाम्बी श्रीकांत और लक्ष्य सेन ने साल 2021 चरण में रजत और कांस्य पदक जीते जबकि सात्विक और चिराग की जोड़ी ने 2022 में कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं पुरुष एकल में प्रणय ऐसे खिलाड़ी हैं जो पोडियम के करीब पहुंचकर विफल रहे हैं, वह 2021 और 2022 दोनों चरण के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे पर पिछ्ले 12 महीनों में अच्छी फार्म के कारण वह जीत के प्रबल दावेदार हैं। प्रणय अपना पहला मुकाबला फिनलैंड के कोले कोलजोनेन के खिलाफ शुरू करेंगे जिनकी विश्व रैंकिंग 56 है।

# जोकोविच ने सिनसिनाटी ओपन के साथ ही 39वां मास्टर्स खिताब जीता

**सिनसिनाटी ।**

सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने स्पेन के कार्लोस अल्काराज को हराकर सिनसिनाटी ओपन खिताब जीता है। जोकोविच ने विश्व के नंबर एक कार्लोस अल्कराज को एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के फाइनल में 5-7, 7-6(7), 7-6(4) से हराकर ये खिताब अपने नाम किया है। इस मैच में दोनो ही खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। जोकोविच ने इसी के साथ ही अपना 39वां मास्टर्स खिताब जीता। इसके पहले सेट को अल्काराज ने टाई ब्रेकर में 7-5 से जीता। इसके बाद जोकोविच ने जबरदस्त वापसी करते हुए अगले दोनों सेट 7-6, 7-6 से अपे कब्जे में किये। जीत के बाद जोकोविच ने जमकर जश्न मनाया। वहीं इस मैच में अल्काराज अपने हाथ में चोट के कारण थोड़े परेशान नजर आये।

जोकोविच और अल्कराज के बीच मुकाबला तीन घंटे और 49 मिनट तक चला। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, यह एक शानदार मैच और किसी रोलर कोस्टर से कम नहीं था। मुझे नहीं लगता कि मैंने अपने जीवन में इस तरह के ज्यादा मैच खेले हैं। हो सकता है कि मैं इसकी तुलना 2012 के ऑस्ट्रेलियन ओपन में नडाल के खिलाफ़ मुकाबले से कर सकता हूं जो काफी चुनौतीपूर्ण रहा था। इस मैच में तीन सेट थे, लेकिन हम करीब चार घंटे तक मुकाबला करते रहे।



## संक्षिप्त समाचार



### रोहित-विराट के टी20 नहीं खेलने के फैसले का अश्विन ने किया बचाव

**एकदिवसीय विश्वकप में मिलेगा लाभ**

**नई दिल्ली ।** अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली ने आगामी एकदिवसीय विश्कप को देखते हुए टी20 नहीं खेलने का जो फैसला किया है वह सही है। रोहित और विराट ने पिछ्ले साल टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों मिली हार के बाद से ही अब तक कोई टी20 मैच नहीं खेला है। वहीं हाल ही मैं वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में भारतीय टीम की हार के बाद रोहित-विराट के टी20 नहीं खेलने पर प्रशंसकों ने नाराजगी जतायी थी। वहीं अश्विन ने विराट-रोहित के फैसले का बचाव करते हुए कहा, एकदिवसीय और टी20 प्रारुप बिलकुल अलग है। इस कारण एक बल्लेबाज को को अपनी मानसिकता को बदलना होता है। मेरा मानना है कि एकदिवसीय विश्वकप को देखते हुए इन दोनों का टी20 नहीं खेलने का फैसला काफी अच्छा है। इससे इन दोनो को विश्व कप की तैयारियों में सहायता मिलेगी। अश्विन ने साथ ही कहा कि विराट और रोहित का टी20 को छोड़ने का निर्णय उनकी विशेषज्ञता और खेल की गहरी समझ को देखते हुए लिया गया फैसला है। उन्होंने कहा, ये दोनो ही अपने अनुभव का उपयोग कर रहे हैं और 50 ओवर के विश्व कप पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं, ये बिलकुल सही भी है।

### बांग्लादेश दौरे में अपने व्यवहार पर खेद नहीं : हरमनप्रीत



**लंदन ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि बांग्लादेश दौरे में स्टंप पर बल्ला मारने का उन्हें कोई दुख नहीं हैं। इस मैच में अपने इस व्यवहार के कारण उनपर दो मैचों के लिए पाबंदी लगा दी गयी थी। इस मैच में खराब अंपायरिंग को लेकर हरमनप्रीत भड़क गयी थीं। इसी के बाद गुस्से में उन्होंने विकेट पर बल्ला मार दिया था। मैच के बाद भी उन्होंने अंपायरिंग के स्तर पर सवाल उठाये। यहां द हंड्रेड क्रिकेट के लिए आयीं हरमनप्रीत ने कहा , 'मैं ऐसा नहीं कहूंगी कि मुझे किसी चीज का खेद है क्योंकि खिलाड़ी के तौर पर आप सही फैसले चाहते हैं। साथ ही कहा कि बतौर खिलाड़ी आपके पास हमेशा अपनी बात रखने और आप क्या महसूस कर रहे हो, उसे बताने का अधिकार होना चाहिये। हरमनप्रीत यहां 'ट्रेंट रॉकेट्स के लिए खेल रही हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैंने किसी खिलाड़ी या किसी व्यक्ति से कुछ भी गलत कहा। मैदान पर जो हुआ मैंने केवल उसके बारे में बताया। मुझे किसी चीज का पछ्तावा नहीं है। इस मैच में अंपायरिंग पर सवाल उठाने के लिए इस खिलाड़ी पर प्रतिबंध के अलावा तीन नकारात्मक अंक भी दिये गये हैं।

# अपने हॉकी करियर को लेकर संतुष्ट है रानी

## एक रास्ता बंद होता है तो दूसरा खुलता है

**नई दिल्ली ।**

आजकल भारतीय जूनियर टीम को कोचिंग दे रही भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने कहा है कि वह अपने करियर को लेकर संतुष्ट हैं। रानी के अनुसार उन्हें जो भी अवसर मिले हैं। उन्होंने उनका पूरा इस्तेमाल किया है। रानी की कप्तानी में भारतीय टीम ने टोक्यो ओलंपिक खेलों में चौथा स्थान हासिल किया था। रानी ने एक साक्षात्कार में कहा, 'अब मुझे किसी बात का कोई दुख नहीं है, मुझे पता है कि मैंने अपना काम कर दिया है और अब भी कर रही हूं। जीवन में अगर एक दरवाजा बंद हो जाए तो भगवान दूसरा खोल देता है। आप जीवन में उलझते नहीं हो। मैंने अनुभव किया है कि जीवन में आपको नीचे खींचने के लिए कई लोग हैं पर ऊपर आपको स्वयं उठना होता है। उन्होंने कहा, 'हॉकी ने मुझे पहचान दी, हॉकी के कारण ही लोग मेरी बात सुनते हैं, मेरे से बात करते हैं। इसलिए मैं किसी भी भूमिका में हॉकी के लिए ही काम करना चाहती हूं, आप खेल सकते हैं, बच्चों का मार्गदर्शन कर सकते हैं, उनके सिखा सकते हैं। कोई भी मेरे से हॉकी के प्रति मेरे जुनून को अलग नहीं कर सकता। रानी ने मुश्किल राह के बीच भी हॉकी में अपनी अलग पहचान बनाई।



उन्होंने कहा, 'सफर अच्छा रहा पर इसमें काफी कठिनाई भी थी। मैंने काफी कुछ सीखा। यह सब कुछ कड़ी मेहनत करने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर निर्भर करता है ।

रानी ने कहा, 'मैंने सात साल की उम्र में हॉकी खेलना शुरू किया। मैं 22 साल पहले की बात कर रही हूं। उस समय हरियाणा में लड़कियों का खेल में जाना अच्छा नहीं माना जाता था हालांकि अब हालात बदल गये हैं और माता-पिता अपनी बेटी को खेलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा, 'जब मैंने पहली बार अपने माता-पिता को कहा था कि मैं हॉकी खेलना चाहती हूं तो उन्होंने कहा था कि ऐसा नहीं हो सकता, लोग क्या सोचेंगे, लड़कियां खेल नहीं खेलती। रानी ने हालांकि अपना समर्थन करने का श्रेय अपने पिता और कोच बलदेव सिंह को दिया।



## कई वर्षों की कड़ी मेहनत का फल मिला : रिंकू

**डबलिन ।** युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह को आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला है। इससे उत्साहित रिंकू ने कहा कि कई वर्षों की कड़ी मेहनत का उन्हें लाभ मिला है। इस मैच में रिंकू ने 21 गेंदों में 38 रन बनाये और भारतीय टीम की जीत में उनकी अहम भूमिका रही। इस मैच में रिंकू और शिवम दुबे के बीच 28 गेंदों में 55 रन की साझेदारी हुई। रिंकू ने कहा, मुझे बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। मैं यहां भी वही करने के प्रयास कर रहा था जो मैंने आईपीएल में किये थे। मैं बहुत आश्वस्त था और शांत रहने के प्रयास करता था। रिंकू ने साथ ही कहा कि एक दशक तक उन्होंने जो कड़ी मेहनत की है, उसी का लाभ उन्हें मिला है। इसी कारण उन्हें बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिलती है। इस मैच में रुतुराज गायकवाड़ के आउट होने के बाद भी रिंकू ने शिवम दुबे के साथ मिलकर भारतीय टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। इस दौरान अंतिम ओवर में उन्होंने आयरलैंड के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बैरी मैक्कार्थी पर दो छक्के और एक चौका लगाया। अंतिम ओवर में रिंकू की आत्मविश्वास भरी पारी शीर्ष बढ़त के साथ समाप्त हुई। रिंकू ने कहा, मैं कप्तान की बात सुनता हूं। मैंने जो कड़ी मेहनत की उसका फल ऐसे योगदानों से मिलता है। मैंने जिस पहले गेम में बल्लेबाजी की, मुझे प्लेयर ऑफ मैच मिल गया और इससे ज्यादा खुशी की कोई बात नहीं हो सकती।

## तीनो प्रारुप में एक ही कप्तान होना चाहिये : इंजमाम

**कराची ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की चयन समिति के प्रमुख इंजमाम-उल-हक ने कप्तान बाबर आजम की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल में घरेलू सीरीज में आजम की कप्तानी की कड़ी आलोचना हुई थी पर इंजमाम ने उनका जमकर बचाव किया है। तीन साल पहले दिसंबर 2020 में बाबर को सभी प्रारूपों में पाकिस्तान का कप्तान बनाया किया गया था। उसके बाद से ही उनका खेल बेहतर होता गया है। इंजमाम-उल-हक ने कहा कि सभी प्रारूपों में एक ही कप्तान होना चाहिए जिससे पता चल सके कि मैचों के लिए किन खिलाड़ियों को रखना चाहिये। उन्होंने कहा, देखिए, कप्तानी में बहुत सारे बदलाव अच्छे नहीं हैं। मुझे लगता है कि बाबर शानदार कप्तानी कर रहे हैं और जब मैं पहले मुख्य चयनकर्ता था, तब सरफराज अहमद तीनों प्रारूपों के कप्तान नहीं थे पर बाद में वह तीनों प्रारूपों के कप्तान बन गए। इसलिए मेरा मानना है कि अगर वह तीनों प्रारुप में खेलता है तो तीनों प्रारुपों का एक ही कप्तान होना चाहिए। जिससे उसे पता होना चाहिए कि उसे अपने खिलाड़ियों को कैसे आगे ले जाना है। लेकिन, यह कप्तानी मेरे अधिकार क्षेत्र में नहीं आती है।

# पहली बार फीफा महिला विश्व कप जीतने के बाद से ही जश्न में डूबा पूरा स्पेन

### एक दशका बाद देश को मिला विश्वकप , रानी लेतीजिया ने भी प्रशंसा की

**मैड्रिड ।** पहली बार महिला टीम के फीफा महिला विश्व कप फुटबॉल खिताब जीतने के बाद से ही स्पेन में जश्न का माहौल है। टीम के अलावा प्रशंसक और देश के सभी लोग खुशी मनाते हुए नजर आ रहे हैं। टीम के कोच जॉर्ज विल्डा ने कहा कि करीब एक दशक के बाद टीम ने कोई बड़ा खिताब जीता है जिससे लोगों को जश्न मनाने का ये अवसर मिला है। चाहे मैड्रिड हो या बार्सीलोना पर ओर फुटबॉल के दीवाने जश्न में डूबे नजर आये। स्पेनिश महिला टीम ने एक संघर्षपूर्ण फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को 1-0 से हराकर पहली बार विश्व कप का खिताब जो जीता है। इससे पहले पुरुष टीम ने साल 2010 में दक्षिण अफ्रीका में अपना एकमात्र विश्व कप जीता था। अब ठीम 13 साल बाद महिला टीम ने विश्व कप हासिल किया है। महिला टीम की खिताबी जीत का कितना महत्व है इसका पता इससे चलता है कि रानी लेतीजिया भी अपनी टीम का हौंसला बढ़ाने के लिए सिडनी पहुंची थी और मैच के बाद खिलाड़ियों ने उन्हें जर्सी भेंट की थी।

एक प्रशंसक ने कहा कि इस टीम ने दिखाया है कि महिला फुटबॉल को भी वही सम्मान मिले जो पुरुष टीम को मिलता है। उन्होंने कहा कि युवा लड़कियों ने अपने को साबित किया है, इसी कारण उन्हें यह सुखद अनुभव करने का मौका मिला। हमने कभी उम्मीद नहीं की थी कि यह टीम इतनी आगे जाएगी और उन्होंने ऐसा कर दिखाया। यह दिखाता है कि आपको हमेशा अपने पर भरोसा रखना चाहिए। वहीं एक कमेंटेटर ने कहा कि पूरे देश का सपना आज वास्तविकता में बदल गया है और 4788 दिन बाद स्पेन एक बार फिर विश्व चैंपियन बना है। साथ ही कहा कि महिला टीम की खिताबी जीत के जश्न की तुलना साल 2010 में पुरुष टीम की जीत के जश्न से नहीं की जा सकती पर इसके बाद भी महिला टीम के समर्थन के लिए बड़ी तादाद में प्रशंसक सड़कों पर उतरे। गौरतलब है कि विश्वकप को लेकर देश में जबरदहस्त जुनून रहा। 100 से अधिक शहरों में अधिकारियों ने सार्वजनिक तौर पर मैच दिखाने के लिए बड़ी स्क्रीन का इंतजाम किया। मैड्रिड में प्रशसंकों ने शहर के बार में फाइनल का आनंद उठाया जबकि लगभग सात हजार लोगों के लिए बड़ी स्क्रीन पर मैच देखने की व्यवस्था की गई थी। एक प्रशंसक ने कहा कि यह एतिहासिक क्षण है, यह दिखाता है कि हमारी महिलाओं का भी फुटबॉल में अहम स्थान है।






मेसन में वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन में जीत के बाद ट्रॉफी के साथ नजर आयी कोको गाफ।



# फेसपैक रात के लिए

दलिया से बने फेसपैक को रात में आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है, जो काफी लाभप्रद होता है। इसे बनाने के लिए दो चम्मच दलिया लें। इसमें ऑयल की कुछ बूंद डालकर पेस्ट बना लें और इस पेस्ट में एक चम्मच शहद और 2-3 चम्मच नींबू का रस मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगा लें। जब मिश्रण सूखने लगे तो स्क्रब कर लें बाद में निकाल दें। गर्म पानी से चेहरा धोएं।

## जब सिर में हो खारिश

केले में शहद मिला कर मसल लें। उसमें प्याज का रस मिक्स करें। फिर इसे बालों की जड़ों में लगा कर 20 मिनट तक छोड़ दें और बाद में शैंपू कर लें। इस मास्क से रूसी खत्म होगी। जै तून का तेल लें और उसे गरम करें। उसमें शहद की कुछ बूंदें डालें और उससे सिर की कुछ देर मसाज करें। बीस मिनट के बाद सिर को शैंपू से धो लें। खारिश दूर हो जाएगी।



# हाथों को सुंदर बनाने के टिप्स

*खूबसूरत हाथ सभी को आकर्षित करते हैं। अपने हाथों को सुंदर बनाने के लिए आप मैनिक्योंर करवा कर हाथों को हमेशा नर्म और मुलायम बना सकती हैं। हाथों को खूबसूरत बनाएं रखने के लिए जानें ये मेनिक्योंर टिप्स-*



हाथ रुखे होने पर आप इनमें तेज खुशबू वाला लोशन लगाएं।

अक्सर नेलपॉलिश हटाने के बाद नेल्स रुखे हो जाते हैं ऐसे में आप नेल रिमूवर में कुछ बूंदें जोजोबा ऑयल की डालें और इसे नेपॉलिया हटाने केबाद नाखूनों पर लगाएं।

नेलपॉलिश को ज्यादा दिनों तक फ्रेश बनाए रखने के लिए शीशी के मुंह पर क्यूटिकल ऑयल लगाएं और शीशी बंद कर दें।

गीले हाथों पर नेल फाइलिंग न करें, क्योंकि गीले होने पर नाखून कमजोर हो जाते हैं। नाखूनों को एक ही दिशा में फाइल करें नहीं तो वे टूट भी सकते हैं।




# घर सजाओ कुछ हटकर

होम डेकोर में कुशन, कर्टन, बेड कवर आदि की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, क्योंकि इनसे आप कम समय में घर का मेकओवर कर सकती हैं, इसलिए अलग-अलग उत्सव के लिए खास कलेक्शन रखें।

दीवारों पर सॉफ्ट कलर का पेंट है, तो एक्सेसरीज ब्राइट कलर की और दीवारों का कलर हाईलाइट करना हो, तो एक्सेसरीज सॉफ्ट रखें। घर का लुक अच्छा आता है।

पहले ही डिसाइड कर लें कि आपको कमरे का लुक एथनिक चाहिए या फिर मॉडर्न। इस बात को ध्यान में रखकर ही कमरे को सजाने की शुरूआत करनी चाहिए। कुशन और बेड कवर्स के साथ भी एक्सपेरिमेंट किया जा सकता है। अजकल मार्केट में कई तरह के कुशन कवर्स और बैड कवर्स उपलब्ध है जो आपके कमरे की सजावट को कॉम्प्लीमेंट करेगा। दीवारों पर भी रंग कुछ हटकर चुन सकते हैं। इससे कमरे की काया ही बदल जाएगी।





# डाइनिंग टेबल डेकोर

घर की शोभा बढ़ाने में डाइनिंग टेबल का भी बड़ा हाथ होता है। डायनिंग टेबल से लिविंग रूम की शोभा चार गुना बढ़ती है और अगर यह ठीक से अरेंज हो तो इसकी खूबसूरती में चार चांद लगा देती है। डायनिंग टेबल सैट करते वक्त कुछ बातों को ध्यान में रखना चाहिए।

1. डानइनिंग टेबल साफ रखें। अपनी डायनिंग टेबल को हमेशा साफ रखें। अगर आपके घर पर पार्टी है या फिर गेस्ट आने वाले हैं तो अपनी डायनिंग टेबल को पोंछ कर ही उस पर नैपकिंस और पल्ट्स सजाएं।

* डाइनिंग टेबल पर टेबल मैट ऐसा होना चाहिए चाहिए जो दिखने में खूबसूरत होने के साथ-साथ साफ करने में भी आसान हो।

* टेबल पर बीचों-बीच एक सेंटर पीस रख देने से टेबल पर रखें अन्य समान अपनी जगह पर ठीक से अरेंज हो जाएंगे। सेंटर पीस के रूप में आप फूलों का वास या शो पीस आदि रख सकती हैं। अगर आपको सेंटरपीस नहीं रखने का मन है तो आप वहां पर नैपकिन का सेट भी रख सकती हैं।

* कटलरी परोसे गए खाने के आइटम के हिसाब से होनी चाहिए। इसे बाहर से अंदर के हिसाब से रखना चाहिए।

* डाइनिंग टेबल पर ज्यादा भीड़ न लगाएं. डिनर के लिए अपने डायनिंग टेबल को यूजर फ्रेंडली बनाइए। वहां पर केवल वही चीजें रखें जिनकी जरूरत हों।

# बटुआ बना नया





यह सच है कि फैशन हर पल बदलता रहता है। इन दिनों बटुओं को सबसे ज्यादा फैशन है। जहां पहले लड़कियां बड़े बैग्स कैरी करना पसंद करती थीं वहीं इन दिनों बड़े बैग की जगह उनके हाथों में छोटा बटुआ देखने को मिलता है। कमाल की बात यह है कि ये बटुए हर शेप, साइज और रंग में मिलते हैं। इन बटुओं की खासीयत यह है कि इन्हें आप हाथ में रख सकती है और साथ ही जब चाहें कंधे पर टांग भी सकती हैं।

यह हर ड्रेस के हिसाब से मैंचिग  की जा सकती है।

## फैशन ट्रेंड



अब आपको इंडियन आउटफिट पसंद हो या वेस्टर्न बटुआ हर ड्रेस के साथ मैच हो जाता है। बटुए अब हर तरह के मैटीरियल में उबलब्ध हैं। लैदर, रैक्सीन, जूट, कपड़े में यह मार्केट में पाए जाते हैं। एम्ब्रॉएडरी, सीक्वेंस वर्क, स्टोन वकआदि हर रूप में पाया जाता है। बटुआ हर एज ग्रुप को इम्प्रेस करता है। चहे फिर वह कॉलेज गोइंग गर्ल्स हो या फिर हाउसवाइफ या फिर वर्किंग वुमन। यह सबका फेवरेट है।



क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## खुद को मुसलमान कहने वाले अहमदिया समुदाय के छह सदस्य गिरफ्तार

लाहौर ।पाकिस्तान में खुद को मुसलमान कहने वाले अहमदिया समुदाय के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाकिस्तान पुलिस ने अल्पसंख्यक अहमदिया समुदाय के छह सदस्यों को कथित तौर पर खुद को मुसलमान बताने के आरोप में रविवार को पकड़ा है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में 1974 में हुए एक संविधान संशोधन के अनुसार, अहमदियों को गैर-मुस्लिम घोषित किया गया था। जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान ने अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों की गिरफ्तारी का विरोध किया है। जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान ने कहा कि कट्टरपंथी तहरीक लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कार्यकर्ता क्षेत्र के लोगों को निर्दोष अहमदियों के खिलाफ भड़काने और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने में सबसे आगे थे। पुलिस अधिकारी अशफाक खान ने रविवार को बताया कि अहमदिया समुदाय के छह लोगों जिनमें वजाहत अहमद कमर, शफीक आदिल, नासिर अहमद, मुदस्सिर अहमद, शिराज अहमद और उमर अहमद बाजवा को 'खुद को मुस्लिम बताने' पर गिरफ्तार किया गया है।

## मस्क के साथ धोखा....एक्स पर उनके ज्यादातर फॉलोअर्स फर्जी

सैन फ्रांसिस्को ।एलन मस्क के एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर 153 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं, लेकिन एक नई रिपोर्ट के अनुसार,इसमें ज्यादातर फॉलोअर्स फर्जी हैं और लाखों नए निकिष्य अकाउंट के चलते संख्या बढ़ गई है। एकत्र किए गए डेटा की समीक्षा की, मस्क को फॉलो करने वाले 153,209,283 एक्स अकाउंट्स में से, उनके लगभग 42 प्रतिशत यानी 65.3 मिलियन से ज्यादा यूजर्स के अपने अकाउंट पर जोरी फॉलोअर्स हैं। मस्क को फॉलो करने वाले सभी 153 मिलियन अकाउंट पर फॉलोअर्स की औसत संख्या लगभग 187 है। आंकड़ों के अनुसार, केवल 453,000 मस्क फॉलोअर्स या 0.3 प्रतिशत एक्स प्रीमियम (पहले ट्विटर ब्लू 8 डॉलर प्रति माह) को सब्सक्राइब करते हैं। रिपोर्ट से पता चला कि मस्क को फॉलो करने वाले इन यूजर्स में से 72 प्रतिशत से ज्यादा या लगभग 112 मिलियन के अकाउंट पर 10 से कम फॉलोअर्स हैं। इसमें कहा गया है, मस्क के बहुत से फॉलोअर्स हैं, जो लोगों को यह सुनिश्चित करने में मदद करेंगे कि वे वास्तव में साइट का उपयोग नहीं कर रहे हैं। वहीं 62.5 मिलियन से ज्यादा मस्क फॉलोअर्स के पास शून्य ट्वीट हैं। आंकड़ों के अनुसार, 100 मिलियन से ज्यादा मस्क फॉलोअर्स ने अपने अकाउंट पर 10 से कम ट्वीट पोस्ट किए हैं। मस्क ने 27 अक्टूबर, 2022 को 44 बिलियन डॉलर में ट्विटर का अधिग्रहण किया। टेक अरबपति के सभी मौजूदा फॉलोअर्स में से, 25 प्रतिशत से ज्यादा यानी 38.9 मिलियन, उस तारीख को या उसके बाद बनाए गए थे। मस्क को फॉलो करने वाले सभी 153 मिलियन अकाउंट्स के फॉलोअर्स की औसत संख्या केवल एक (1) सिंगल फॉलोअर है।

## सिएटल के हुक्का बार में गोलीबारी से 3 लोगों की मौत, 6 अन्य घायल

वाशिंगटन। अमेरिका के सिएटल शहर में एक हुक्का बार में गोलीबारी होने से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विभाग के अधिकारियों को रविवार सुबह 4.30 बजे से ठीक पहले रेनियर हुक्का लाउंज में गोलीबारी की रिपोर्ट मिली। सिएटल पुलिस प्रमुख एड्रियन डियाज ने रविवार शाम एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पुलिस ने पाया कि दो पुरुषों और एक महिला को गोली मार दी गई है। इसमें 22 और 32 साल की उम्र के दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि 30 साल की महिला को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। डियाज ने कहा, बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। रविवार शाम तक चार पुरुषों और एक महिला की हालत स्थिर थी। सिएटल फायर चीफ हेरोल्ड स्कोगिन्स ने संवाददाताओं को बताया कि 23 वर्षीय एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। विभाग की होमीसाइड यूनिट जांच का नेतृत्व कर रही है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी किस कारण से हुई या इसमें कितने संदिग्ध शामिल हैं। पुलिस ने पुष्टि की है कि उन्होंने कम से कम पांच बंदूकें बरामद की हैं। इस मामले में सिएटल के मेयर ब्रूस हैरेल ने एक बयान में कहा कि सिएटल पुलिस जुलाई के महीने से अब तक 869 बंदूकें बरामद कर चुकी है।

## माइकल जैक्सन पर फिर चलेगा यौन उत्पीड़न के आरोप में मुकदमा

लॉस एंजेल्स ।प्रसिद्ध पॉप किंग माइकल जैक्सन पर फिर से मुकदमा चलाने की तैयारी हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार माइकल जैक्सन को 2000 के दशक की शुरुआत में यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना करना पड़ा था। उन पर उनकी टीम के ही पुरुषों और महिलाओं के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ करने का आरोप था। वर्ष 2009 में मशहूर गायक के निधन के बाद यौन उत्पीड़न से संबंधित उनकी सभी फाइलें बंद कर दी गई थीं, लेकिन अब एक बार फिर उनके खिलाफ लगे आरोप में मुकदमा चलाया जाएगा। बिलबोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, दो लोगों ने दावा किया कि माइकल जैक्सन ने उस समय उनका यौन शोषण किया था जब वे बच्चे थे। कैलिफोर्निया की एक अपील अदालत ने शुक्रवार 18 अगस्त को फैसला सुनाया कि वे दिवंगत गायक के स्वामित्व वाली कंपनियों के खिलाफ मुकदमे को आगे बढ़ा सकते हैं। कैलिफोर्निया कोर्ट ऑफ अपील ने दिवंगत किंग ऑफ पॉप की प्रोडक्शन कंपनी के खिलाफ दो मुकदमों को पुनर्जीवित किया, जिसमें दो लोगों जेम्स सेफचुक और वेड रॉबसन द्वारा आरोप लगाए गए थे। इससे पहले सेफचुक और रॉबसन ने माइकल की कंपनी एमजेजे प्रोडक्शंस पर मुकदमा दायर किया था, लेकिन उनके मुकदमे को लॉस एंजिल्स काउंटी सुपीरियर कोर्ट के न्यायाधीश ने खारिज कर दिया था। उनका कहना था कि कंपनी दोनों वादियों के प्रति उत्तरदायी नहीं है। लेकिन कैलिफोर्निया कोर्ट ऑफ अपील फॉर सेकेंड डिस्ट्रिक्ट की उच्च अदालत ने उस फैसले को पलट दिया, और कंपनियों को वादी बनाया गया।

## गुरुद्वारा जलाने की धमकी देने वाले सिख उम्मीदवार की होगी कोर्ट में पेशी

न्यूयॉर्क ।बेकर्सफील्ड नगर परिषद के पूर्व सिख उम्मीदवार की कोर्ट में पेशी होने वाली है। बता दें कि उन्होंने कथित तौर पर कैलिफोर्निया शहर में एक गुरुद्वारे को जलाने की धमकी दी थी। मिली जानकारी के अनुसार प्रारंभिक सुनवाई के लिए इस महीने के अंत में वह अदालत में उपस्थित होंगे। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 60 वर्षीय राजवीर सिंह गिल को बेकर्सफील्ड गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह जी खालसा दरबार के सदस्यों को गोली मारने और संपत्ति को जलाने के लिए हमलावरों को नियुक्त करने की कोशिश करने के संदेह में मार्च में गिरफ्तार किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि गिल पर आपराधिक कृत्यों के लिए उकसाने के सात आरोप लगाए गए हैं। उनके 31 अगस्त को केर्न काउंटी कोर्ट में पेश होने की उम्मीद है। विगत 17 अगस्त को अदालत में संक्षिप्त उपस्थिति के बाद गिल को बताया गया कि वह 5 और 6 अक्टूबर को अपनी प्रारंभिक सुनवाई के लिए भी अदालत में होंगे। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गिल का गुरुद्वारे के विशिष्ट सदस्यों के साथ विवाद चल रहा था। उसने गुरुद्वारे को जलाने के लिए किसी को भुगतान करने की भी पेशकश की थी। उन्होंने 2022 में मनप्रीत कौर के खिलाफ सिटी काउंसिल वार्ड सात में चुनाव लड़ने का प्रयास किया था। मनप्रीत बेकर्सफील्ड सिटी काउंसिल के लिए चुनी गईं पहली सिख पंजाबी महिला हैं। कौर ने तब घटना पर एक बयान जारी किया था कि यह खबर सुनना परेशान करने वाला और डराने वाला है। पूजा स्थल को नष्ट करने के कथित प्रयास के बारे में सुनना दिल दहला देने वाला और अकल्पनीय है। रिपोर्ट के अनुसार गिल ने प्रार्थना में बाधा डाली और मंडली के सदस्यों को धमकाया। गुरुद्वारे के सदस्य सुखविंदर सिंह रंगी ने बताया था कि गिल ने मंडली के कुछ नेताओं को मारने के लिए दो हिस्पैनिक लोगों को 10 हजार डॉलर की पेशकश की थी।

## उत्तरी अमेरिका में मिली 14000 साल पुरानी अलग दुनिया

ओटावा ।वैज्ञानिकों ने उत्तरी अमेरिका में 14,000 साल पुरानी एक अलग दुनिया की खोज की है। यह खोज ब्रिटिश कोलंबिया के सेंट्रल कोस्ट के ट्राइकेट द्वीप पर की गई। उत्तरी अमेरिका का इतिहास रहस्यों से भरा हुआ है। ताजा खोज अमेरिका के रहस्यों का पन्ना वापस खोलने में सक्षम है।



उत्तर कोरियाई नेता किंम जोंग उन नौसेना के जहाज से दागी गयी क्रूज मिसाइल को देखते हुए।

## ट्रंप शायद दोबारा राष्ट्रपति पद पर आसीन नहीं हो पाएंगे : कानूनी विशेषज्ञ

वाशिंगटन ।पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर चुनावी प्रक्रिया के खिलाफ उनके कथित कदाचार के लिए बढ़ते अभियोगों और सहानुभूति के बावजूद दो जाने-माने कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि संविधान ट्रंप को व्हाइट हाउस में प्रवेश करने के लिए अयोग्य ठहराता है। वह दूसरी बार राष्ट्रपति पद पर आसीन होना चाहते हैं, मगर उनकी यह इच्छा पूरी नहीं हो पाएगी। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि धुर दक्षिणपंथी लोग 6 जनवरी के कैपिटल दंगे के लिए जवाबदेही कारक को सिर्फ एक और पक्षपातपूर्ण विवाद के रूप में चित्रित कर सकते हैं, दो प्रमुख रूढ़िवादी कानूनी विद्वानों ने यह मामला बनाया है कि संविधान पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को सार्वजनिक कार्यालय से अयोग्य घोषित करता है। शिकागो विश्वविद्यालय के कानून प्रोफेसर विलियम बॉड और सेंट थॉमस विश्वविद्यालय के माइकल स्टोक्स पॉलसेन, दोनों रूढ़िवादी फेडरलिस्ट सोसाइटी के सदस्य ने एक कानून समीक्षा लेख में तर्क दिया कि ट्रंप को पहले से ही सार्वजनिक कार्यालय में सेवा करने से संवैधानिक रूप से प्रतिबंधित किया गया है। अयोग्यता खंड के रूप में जाना जाने वाला संविधान संशोधन किसी भी सरकारी अधिकारी को पद से रोकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कांग्रेस के दोनों सदनों का केवल दो-तिहाई बहुमत ही ऐसी विकलांगता को दूर करने के लिए कार्य कर सकता है। कानूनी पंडितों ने कहा कि यह बिल्कुल भी आश्चर्य की बात नहीं है कि ट्रंप इस मानक पर खरे उतरते हैं। सरकार की सभी तीन शाखाओं ने कैपिटल पर हमले को एक विद्रोह के रूप में पहचाना है, कई संघीय न्यायाधीशों, सदन और सीनेट में द्विदलीय बहुमत के साथ-साथ 6 जनवरी की द्विदलीय सदन चयन समिति ने ट्रंप को मुख्य कारण बताया है।

### इमरान खान के करीबी ने अब पाकिस्तान में क्या नया बवाल करा दिया?

## राष्ट्रपति अल्वी कर रहे सेना के खिलाफ साजिश!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी राष्ट्रपति आरिफ अल्वी की वजह से मुल्क में एक बार फिर सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने आधिकारिक गोपनीयता संशोधन विधेयक और पाकिस्तान सेना संशोधन विधेयक पर हस्ताक्षर करने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि वह खुद इस तरह के दावे से हैरान हैं। अल्वी ने अपने कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने उनके आदेशों को नजरअंदाज किया और निर्धारित समय के भीतर बिना साइन बिल को वापस नहीं किया। इस कारण वे कानून में बदल गए। लेकिन, वह कभी नहीं चाहते थे कि ऐसा हो। पाक प्रेजिडेंट के इस बयान का सेना से विद्रोह के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि इन दोनों बिल, जो अब कानून बन चुके हैं, इनसे पाकिस्तानी सेना को और अधिक अधिकार मिलते हैं। अब इन कानून से किनारा कर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी राष्ट्रपति अल्वी सेना के निशाने पर हैं।



### राष्ट्रपति ने क्या कहा

अल्वी ने एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया कि उन्होंने अपने कर्मचारियों को बिना हस्ताक्षर किए गए। बिलों को निर्धारित समय के भीतर वापस करने का निर्देश दिया ताकि वे प्रभावी न रहें। पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पीटीआई से जुड़े अल्वी ने कहा कि अल्लाह इस बात का गवाह है कि मैंने दोनों बिल पर हस्ताक्षर नहीं किए, क्योंकि मैं इन कानूनों से असहमत था।

### दोनों विधेयक बन चुके हैं कानून

पाकिस्तानी राष्ट्रपति के दावे को कार्यवाहक कानून मंत्री इरफान असलम ने एक प्रेस कॉनफ्रेंस के माध्यम से गलत बताया है। असलम ने अनुच्छेद 75 का हवाला दिया है। उन्हें बिल पर हस्ताक्षर कर उन्हें कानून बनाना चाहिए था या उन्हें दस दिनों के भीतर अपनी टिप्पणियों और हस्ताक्षरों के साथ संसद में वापस भेजना चाहिए। दोनों विधेयकों पर सरकार की कानूनी और संवैधानिक स्थिति बताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार को राष्ट्रपति से दोनों में से किसी भी विधेयक प्राप्त नहीं हुआ है। वहीं सूचना मंत्री सोलांगी ने राष्ट्रपति के रुख को खारिज कर दिया कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि बिल वापस किए गए हैं या नहीं।

## ब्रिटिश सांसद ने पीएम ऋषि सुनक का हिंदू होने पर किया अपमान

**लंदन (एजेंसी)।** ब्रिटिश सांसद पॉल गोल्डिंग ने एक बार फिर पीएम ऋषि सुनक का हिंदू होने पर अपमान किया है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से यूनाइटेड किंगडम (यूके) के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक खबरों में बने हुए हैं। सुनक कुछ दिनों पहले कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के जीसस कॉलेज में मोरारी बापू की रामकथा में पहुंचे। यहां पर सुनक ने जय सियाराम के उद्घोष के साथ ही खुद को गौरवशाली हिंदू करार दिया। लेकिन सुनक का ऐसा करना ब्रिटिश सांसद पॉल गोल्डिंग को रास नहीं आया। हर बार भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले पॉल ने एक बार फिर सुनक के हिंदू होने पर मजाक उड़ाया है। पॉल ने एक ट्वीट कर सुनक को लेकर तंज कसा है और कहा है कि अब वह एक गौरवान्वित क्रिश्चियन को भारत पर राज करते हुए देखना चाहते हैं। पॉल गोल्डिंग ने अपने ट्वीट में लिखा है, मैं अपने देश को हंसी का पात्र बनते देखकर तंग आ गया हूं। हम विंस्टन चर्चिल जैसे नेताओं की जगह अब एक अनिर्वाचित लाइब्रेरियन बन गए हैं। इसके बाद उन्होंने लिखा, एक गौरवशाली हिंदू, मैं भारत पर शासन करने वाले एक गर्वित ईसाई की आशा करता हूं।

बता दें कि अनिर्वाचित लाइब्रेरियन जिस शब्द का प्रयोग गोल्डिंग ने सुनक के लिए किया है, उसका मतलब है एक अनपढ़ व्यक्ति जो पढ़ना-लिखना नहीं जानता। इससे पहले गोल्डिंग ने चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग के बाद भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो का मजाक उड़ाया था। गोल्डिंग ने इसके साथ ही सुनक के वीडिया का वह अंश भी ट्वीट किया जिसमें वह जय सिया राम के साथ अपने भाषण की शुरुआत कर रहे हैं। मोरारी बापू की रामकथा में पहुंचने के बाद सुनक ने कहा था कि यहां पर उन्हें आकर काफी अच्छा लग रहा है। सुनक के मुताबिक उनकी आस्था उनके लिए बहुत ही व्यक्तिगत विषय है। यह उन्हें उनके जीवन के हर पल में सही दिशा की तरफ आगे बढ़ाती है। ऋषि सुनक का कहना था कि पीएम होना एक बहुत ही सम्मान की बात है लेकिन यह उतना ही कठिन भी है। कई फैसले ऐसे लेने पड़ते हैं जो आसान नहीं होते हैं।

## ट्रंप ने क्यों कहा...भारत हमें मूर्ख नहीं बना सकता

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** भारत मोटरसाइकिल और कार बनाने वाली अमेरिकी कंपनियों पर उच्च कर लगाता है, यह बात पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कही। उन्होंने कहा कि अगर वह 2024 में सत्ता में आए तब वह भारत पर पारस्परिक कर लगाएंगे। हार्ले डेविडसन मोटरसाइकिलों पर आयात शुल्क का जिक्र कर हुए, ट्रम्प चाहते रहे हैं कि भारत 2019 से, जब वह राष्ट्रपति थे, निर्यात शुल्क को शून्य कर दे।

ट्रम्प ने कहा कि क्या होगा यदि अमेरिका में आने वाले भारतीय उत्पादों पर समान कर लगाता है? दूसरी चीज जो मैं चाहता हूं वह एक समान कर है, भारत हमसे अधिक शुल्क लेता है। मैंने हार्ले-डेविडसन मामले में देखा है। मैं कह रहा था, आप भारत जैसी जगह में कैसे रहते हैं? ओह, अच्छा नहीं सर। क्यों? उनके पास 100 प्रतिशत, 150 प्रतिशत और 200 प्रतिशत टैरिफ हैं। ट्र?प ने कहा, भारत अपनी मोटरसाइकिलों को यहां भेजता है, तब उस पर कोई कर नहीं लगता, लेकिन जब अमेरिका की बनी मोटरसाइकिलें वहां जाती हैं, तब उस पर अधिक कर लगाया जाता है।

आप भारत के साथ व्यापार कैसे नहीं करते? टैरिफ इतना अधिक है कि कोई भी इस नहीं चाहता है। लेकिन वे हमसे क्या चाहते हैं, वे चाहते हैं कि हम वहां जाएं और एक प्लांट बनाएं, और फिर आपके पास कोई टैरिफ नहीं है। 2019 में एक साक्षात्कार में, ट्रम्प ने कहा था कि उनके नेतृत्व में अमेरिका को अब मूर्ख नहीं बनाया जा सकता है।

हम मूर्ख देश नहीं हैं, जो इतना बुरा करते हैं। आप भारत को देखें, मेरे एक बहुत अच्छे दोस्त, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, आप देखें कि उन्होंने क्या किया है, मोटरसाइकिल पर 100 प्रतिशत कर, हम उनसे कुछ भी शुल्क नहीं लेते। ट्रम्प द्वारा इसे अनुचित कहने और अमेरिका में भारतीय बाइक के आयात पर टैरिफ बढ़ाने की धमकी के बाद भारत ने 2018 में विस्कॉन्सिन स्थित मोटरसाइकिल निर्माता पर सीमा शुल्क घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया था। इसे अभी भी अस्वीकार्य बताकर पूर्व राष्ट्रपति ने अफसोस जताया था कि अमेरिका एक ऐसा बैंक है जिसे हर कोई लूटना चाहता है। हार्ले डेविडसन ब्रांड ने 2007 में भारतीय बाजार में प्रवेश किया जब अमेरिका ने अमेरिका को भारत के आम निर्यात पर प्रतिबंध हटाने पर सहमति व्यक्त की थी।

## 500 बिलियन डॉलर खर्च कर भविष्य का शहर बसा रहा सऊदी अरब

### -ड्रोन से सामान की डिलेवरी, उड़ने वाली टैक्सी

**रियाद (एजेंसी)।** सऊदी अरब को जो लोग अब तक तेल के बाजार बादशाह मनाते थे, वे आने वाले दिनों में अपनी इस सोच को बदलने वाले हैं। अमेरिका को किनारे करके चीन के साथ हाथ मिला चुके सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) ने बड़े गेम की तैयारी कर ली है। सऊदी अरब को साल 2029 में 500 बिलियन डॉलर वाली फ्यूचर सिटी नियोम में विंटर एशियन गेम्स की मेजबानी मिली है। नियोम के पास पहाड़ों में एशियाई शीतकालीन खेलों की मेजबानी देश के लिए बड़ा मौका साबित होने वाली है। सऊदी अकेला देश था जिसने इन खेलों के लिए बोली लगाई थी।

साल 2016 में सऊदी अरब में विजन 2030 लांच किया गया था। यह एमबीएस का एक महत्वाकांक्षी सपना है जिसे रणनीति के तहत तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस रणनीति में न्यूयॉर्क से 33 गुना बड़ी इको-सिटी, ट्रोजेना स्की रिजॉर्ट और दुनिया की सबसे ऊंची इमारतों वाले निओम के निर्माण तक शामिल है। कई काल्पनिक योजनाओं से लेकर बड़े सुधार जैसी योजनाओं को भी इसमें शामिल किया गया है। व्यापार करने में आसानी, सरकारी सेवाओं को सुव्यवस्थित करना और धार्मिक पर्यटन को बढ़ाना। सऊदी अरब ने पिछले दिनों एक महंगे फुटबॉल खिलाड़ी को खरीदा है। सऊदी अधिकारियों की मानें, तब देश अब महंगी स्पोर्ट्स डील में ज्यादा से ज्यादा निवेश कर रहा है।

नियोम, सऊदी अरब की ड्रीम सिटी है जहां पर रेगिस?तान के अलावा पहाड़ भी हैं। लाल सागर के करीब बसने वाले इस शहर का तापमान दिसंबर में 23 डिग्री सेल्सियस से 12 डिग्री सेल्सियस तक होगा। इसके अलावा यहां पर नॉर्डिक-ग्रे झील, एथलीटों के लिए एक फोल्ड-अप गांव, महल, होटल और बोटिंग के अलावा गोताखोरी के लिए सुविधाएं होंगी। साथ ही दो 500 मीटर ऊंची आसमान को छूने वाली बिल्डिंग?स की भी तैयारी है। कहा जा रहा है कि इस शहर में ड्रोन से सामान पहुंचाया जाएगा। साथ ही उड़ने वाली लिफ्ट निवासियों को सीधे उनके अपार्टमेंट तक लेकर जाएगी।

इतिहासकार टायलर प्रीस्ट के मुताबिक सन् 1938 में बड़े पैमाने पर सऊदी तेल भंडार की खोज हुई थी और इसके बाद देश की सुरक्षा की गारंटी अमेरिका ने दी थी। द्वितीय विश्व युद्ध में अमेरिका ने यूरोप के अपने सहयोगियों की करीब 80 फीसदी तेल की जरूरतों को पूरा किया था। सऊदी अरब दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश है। इसके बाद देश को ईंधन की बढ़ती कीमतों से लाभ होता है। पश्चिमी देश भी सऊदी अरब के साथ बेहतर संबंध तलाश रहे हैं। यह अकेला ऐसा तेल उत्पादक देश है जो उत्पादन में काफी तेजी से इजाफा कर सकता है। सऊदी अरब अपनी निर्यात आय का 80 प्रतिशत तेल से अर्जित करता है। यह सऊदी अरब की जीडीपी का करीब 40 फीसदी हिस्सा है। लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि सऊदी अरब के पास सिर्फ 60 सालों के लिए ही पर्याप्त तेल भंडार है। विशेषज्ञ मानते हैं कि सऊदी अरब अब सिर्फ तेल पर आधारित अर्थव?यवस?था पर निर्भर नहीं रहना चाहता है। सऊदी अरब को इस क्षेत्र में कुछ सफलता भी मिली है। पिछले साल मई में, देश ने ऐलान किया था कि उस साल के पहले तीन महीनों में गैर-तेल निर्यात में 29 फीसदी का इजाफा हुआ है।

## ब्रिटेन में कबड्डी मैच के दौरान तलवार और गोलियां चलीं, 3 जख्मी

लंदन ।इंग्लैंड के ईस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में ब्रिटिश पंजाबी समुदाय के कबड्डी टूर्नामेंट में हुए 'बड़े स्तर पर व्यवधान के बाद तीन लोग जख्मी हो गए हैं, जिसमें से एक की हालत गंभीर है। डर्बीशायर पुलिस ने बताया कि एल्वास्टन लेन इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। दरअसल कबड्डी टूर्नामेंट के फुटेज सोशल मीडिया पर आए हैं जिसमें मैदान में गोली चलने के बीच लोग दहशत में यहां वहां भाग रहे हैं। पुलिस ने कहा कि माना जा रहा है कि यह घटना दो प्रतिद्वंद्वी गिरोह की रंजिश का नतीजा है। प्रत्यक्षदर्शी के हवाले से दावा किया कि एक व्यक्ति को कथित तौर पर उसे गोली मारने से पहले उस पर तलवार से बार-बार हमला किया गया।

पुलिस ने बताया कि एल्वास्टन लेन इलाके में दोपहर तीन बजकर 51 मिनट पर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने की सूचना मिली। बयान में कहा गया है, तीन लोग जख्मी हुए हैं जिनमें से एक की हालत गंभीर है। उन सभी को अस्पताल ले जाया गया है। इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर उनके पास घटना से संबंधित कोई जानकारी है तब वे उनसे साझा करें।

## डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने महामारी समझौते को अंतिम रुप देने में दिखाई सजगता

### -पारंपरिक दवाइयों का किया समर्थन, 'आयुष्मान भारत' को बताया सबसे बड़ी बीमा योजना

**जिनेवा (एजेंसी)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने देश में चल रही 'आयुष्मान भारत' योजना को सबसे बड़ी बीमा योजना बताया है। उन्होंने पारंपरिक दवाओं का भी समर्थन किया है। बता दें कि डब्ल्यूएचओ प्रमुख इन दिनों भारत की यात्रा पर है। यहां उन्होंने भारत के आतिथ्य और उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया है। गुजरात के गांधीनगर में चल रही जी20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने के दौरान उन्होंने कहा कि मैं भारतीय सरकार को उनके आतिथ्य और उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए अभिवादन करता हूं। उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा मानना है कि पारंपरिक औषधियों पर यह एक बहुत ही अनोखी बैठक है। अब से कुछ वर्षों में गुजरात पारंपरिक दवाओं का मक्का होगा। यह अद्वितीय है और यह बहुत महत्वपूर्ण है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने जी-20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक में कहा कि कोविड-19 दुनिया के लिए स्वास्थ्य आपात नहीं रह गया है। हालांकि कोरोना वायरस आज के समय में भी दुनिया के लिए किसी वैश्विक खतरे से कम नहीं है।

उन्होंने कहा कि इन दिनों कोरोना वायरस का नया स्वरूप सामने आया है जो पहले से ही जांच के दायरे में है। ये नया वायरस ऐसा है जिसका स्वरूप कई बार परिवर्तित हुआ है। बीए.2.86 स्वरूप की वर्तमान में निगरानी और जांच की जा रही है जो एक बार फिर दर्शाता है कि सभी देशों को चौकसी बरतने की जरूरत है। उन्होंने सभी देशों से अनुरोध किया कि वे 'महामारी समझौते' को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में तेजी लाएं ताकि इसे अगले साल होने वाली विश्व स्वास्थ्य सभा में इसे स्वीकृत किया जा सके। घेब्रेयेसस ने जी-20 सदस्य देशों को अपने संबोधन में कहा कि कोविड-19 ने हम सभी को यह अहम पाठ सिखाया है कि अगर स्वास्थ्य खतरे में है तो सबकुछ खतरे में है। दुनिया इस महामारी के कष्टपूर्ण पाठ को सीख रही है। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत सऊदी अरब की अध्यक्षता के साथ हुई।

डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा कि महामारी समझौता और अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों में संशोधन पर चर्चा में अच्छी प्रगति हो रही है। उन्होंने कहा कि दोनों ही समावेशी, सुसंगत और




न्यायसंगत वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा ढांचे के लिए कानूनी और संगठनात्मक खाका के निर्माण को लेकर आवश्यक है। इस अवसर पर डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्तर पर टेलीमेडिसिन की शुरुआत करने के लिए भारत की प्रशंसा की। उन्होंने भारत को विशेष रूप से दुनिया की सबसे बड़ी बीमा योजना 'आयुष्मान भारत' के माध्यम से लोगों तक सार्वभौम स्वास्थ्य बीमा पहुंचाने की उसकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई दी।

## सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर फेंका गया जूता, आरोपी को भीड़ ने जमकर पीटा

लखनऊ। अपने विवादित बयानों को लेकर लगातार सुर्ख़ियों में रहने वाले समाजवादी पार्टी के एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य पर कार्यक्रम के दौरान जूता फेंका गया। हालांकि हमले में स्वामी प्रसाद मौर्य बाल-बाल बच गए, लेकिन भीड़ ने आरोपी को पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। सुरक्षा कर्मियों ने किसी तरह उसकी जान बचाकर पुलिस को सौंप दिया गया। जानकारी के मुताबिक आरोपी की शिनाख्त आकाश सैनी के तौर पर हुई है। वह स्वामी प्रसाद मौर्य की लगातार बयानबाजी को लेकर आहत था। आकाश ने मीडिया को बताया कि वह पूजा पाठ करने वाला व्यक्ति है, लेकिन जिस तरह से स्वामी प्रसाद मौर्य रामचरित मानस, केदारनाथ और बदरीनाथ को लेकर बयान दे रहे थे वह उससे आहत था। दरअसल, स्वामी प्रसाद मौर्या इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सपा के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के सम्मलेन में भाग लेने गए थे, वहीं पर युवक ने उप पर जूता फेंका। हालांकि मामले पर सियासत शुरू हो गई। बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने कहा कि इस तरह की घटना को किसी भी सूरत में डिफेंड नहीं किया जा सकता। लेकिन कल घोसी उपचुनाव के लिए प्रचार के दौरान जब बीजेपी प्रत्याशी पर स्याही फेंकी गई तब अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कहा कि यह बीजेपी का काम है। तब आज जो यह घटना हुई उसे सपा ने करवाया है? इस पर सपा प्रवक्ता अभिषेक राय ने कहा कि यह घटना बीजेपी के इशारे पर ही हुई है।

## रेप पीड़िता को 27 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति, सुप्रीम कोर्ट ने दी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात की 27 सप्ताह की गर्भवती को मेडिकल गर्भपात कराने की अनुमति दे दी, इसके साथ शादी का झूठा झांसा देकर बलात्कार किया था। न्यायमूर्ति बी.वी.नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने घरेलू सहायिका के रूप में काम करने वाली पीड़िता द्वारा मांगी गई राहत को मंजूरी देकर चिकित्सा प्रक्रिया के लिए सोमवार या मंगलवार को सुबह 9 बजे अस्पताल में उपस्थित होने के लिए कहा। पीठ ने कहा कि यदि भ्रूण जीवित पाया जाता है, तब अस्पताल यह सुनिश्चित करने के लिए ऊष्मायन सहित सभी सुविधाएं प्रदान करेगा। इसके अलावा, पीठ ने गुजरात सरकार से यह सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाने को कहा कि बच्चे को कानून के अनुसार गोद लिया जाए। 19 अगस्त को बुलाई गई एक विशेष बैठक में, सुप्रीम कोर्ट ने पीड़िता की याचिका पर गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए लंबे स्थगन पर चिंता व्यक्त की थी। शीर्ष अदालत ने कहा, अजीब बात है कि उच्च न्यायालय ने मामले को 12 दिन बाद (मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद) 23 अगस्त को सूचीबद्ध किया, इस तथ्य को नजरअंदाज करते हुए कि देरी का हर दिन महत्वपूर्ण था और बहुत महत्व रखता था। 17 अगस्त को गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा लिए गए फैसले को चुनौती देकर एक विशेष अनुमति याचिका दायर किए जाने के बाद सुप्रीम कोर्ट का ध्यान इस मामले पर आकर्षित हुआ।

## भाजपा की महिला पदाधिकारी सना खान के जरिए सेक्सटॉर्शन रैकेट ?

नागपुर। भाजपा की महिला पदाधिकारी सना खान की हत्या मामले में हर दिन नए खुलासे सामने आ रहे हैं. पूछताछ में यह चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है कि इस मामले का मुख्य आरोपी अमित साहू सना के जरिए अवैध वसूली का रैकेट चला रहा था. बताया गया है कि इस रैकेट के जरिए साहू और उसके साथियों ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बड़े आसामी लोगों से करोड़ों रुपये लूटे हैं. इस मामले में सना की मां की शिकायत पर मनकापुर पुलिस ने नागपुर, जबलपुर और सिवनी के साहू परिवार के सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. साहू इस रैकेट का मुख्य सरगना था. वह सना को बड़े लोगों से रंगदारी वसूलने के लिए उनके पास भेजता था। वह उन्हें अश्लील तस्वीरें या वीडियो भेजकर ब्लैकमेल करता था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस गोरखधंधे में जबलपुर और सिवनी के कई शातिर अपराधी शामिल हैं। इस मामले में सीताबर्डी के दो बड़े व्यवसायी भी निशाने पर थे. इतना ही नहीं उनके निशाने पर एक स्थानीय नेता भी थे. वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पप्पू संबंधित व्यक्ति की वित्तीय स्थिति को देखकर यह तय करता था कि वास्तव में इस मामले में किसे घसीटना है। सना के माध्यम से पीड़ित व्यक्ति की फोटो प्राप्त करने के बाद साहू और उसके गिरोह के सदस्य पीड़ित को फोन करते थे और पैसे की मांग करते थे। पुलिस ने यह भी बताया कि सीताबर्डी के एक व्यवसायी ने इस गिरोह को लाखों रुपये दिये थे. सना मार्च 2021 में इस गैंग से जुड़ी थी. इस रैकेट के जरिए साहू ने काफी संपत्ति अर्जित की थी। इस मामले में साहू के खिलाफ धारा 384, 386, 389, 354 (डी), 120 (बी) और 34 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 (ई), 67, 67 (ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है.

## उत्तराखंड में भारी बारिश की चेतावनी, 10 जिलों में येलो अलर्ट जारी

देहरादून। उत्तराखंड में देहरादून समेत दस जिलों में सोमवार को भारी बारिश की आशंका के चलते येलो अलर्ट जारी किया गया है। यहां मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत और बागेश्वर जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही हरिद्वार, टिहरी, चमोली, ऊधमसिंह नगर और पिथौरागढ़ जिले के लिए येलो अलर्ट है। अन्य जिलों में भी तेज बारिश हो सकती है। केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि इन दस जिलों में तेज गर्जन और बिजली चमकने के साथ तेज बारिश हो सकती है, जबकि 22 अगस्त से फिर प्रदेश भर में भारी बारिश होने के आसार हैं। तीन दिन बाद दून में मूसलाधार बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बीते शनिवार के मुकाबले रविवार को दून का अधिकतम तापमान तीन डिग्री कम दर्ज किया गया। उधर, मूसलाधार बारिश से शहर में कई जगह जलभराव होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़कों पर हुए गड्ढों ने वाहन चालकों और राहगीरों की समस्या दोगुनी कर दी। जबकि लैंडस्लाइड से भी मार्ग में अवरोध आया है।

## लालू यादव ने सुप्रीम कोर्ट में चारा घोटाले मामले में अपना जवाब दाखिल किया

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने उच्चतम न्यायालय में चारा घोटाले के डोरंडा कोषागार मामले में अपना जवाब दाखिल कर दिया है। लालू यादव ने खराब स्वास्थ्य, बढ़ती उम्र का हवाला देते हुए कहा कि हिरासत में रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। वहीं राजद अध्यक्ष ने जमानत रद्द करने की याचिका का विरोध भी किया है। दरअसल, उच्चतम न्यायालय डोरंडा कोषागार मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव को दी गई जमानत को रद्द करने के अनुरोध संबंधी सीबीआई की याचिका पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया। शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई 25 अगस्त को निर्धारित की है। जबकि उच्च न्यायालय ने 22 अप्रैल, 2022 को डोरंडा कोषागार गबन मामले में 75 वर्षीय यादव को जमानत दे दी थी। बता दें कि चारा घोटाले के तहत डोरंडा कोषागार से 139 करोड़ रुपए से अधिक के गबन मामले में दोषी करार दिए गए लालू प्रसाद यादव को रांची में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने पिछले साल 21 फरवरी को 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 60 लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई थी।

## दिल्ली के कालकाजी मंदिर में भी लागू हुआ ड्रेस कोड

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली स्थित कालकाजी मंदिर में दर्शन करने के लिए नए ड्रेस कोड के अनुसार कपड़े पहन कर आना होगा। इसके साथ-साथ दिल्ली के अन्य मंदिरों में भी मर्यादित कपड़े पहनकर आने को लेकर सूचना पट्ट लगाए जा रहे हैं। एक अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक झंडेवाला देवी मंदिर और कालकाजी मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए ऐसी सूचना लगा दी गई है। कालकाजी मंदिर में श्री कालकाजी मंदिर प्रबंधक सुधार कमेटी द्वारा मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के पहनावे को लेकर निर्देश दिए गए हैं। इसे लेकर मंदिर में बोर्ड भी लगाया गया है। इसमें साफ लिखा गया है कि छोटे और अमर्यादित कपड़ों के पहनकर आने पर श्रद्धालु मंदिर के बाहर से ही दर्शन कर सकते हैं। सूचना में लिखा हुआ है कि सभी महिलाओं एवं पुरुषों से निवेदन है कि मर्यादित वस्त्र पहनकर ही मंदिर में प्रवेश करें। छोटे वस्त्र, हाफ पैंट, बरमूडा, मिनी स्कर्ट, नाइट सूट, कटी-फटी जींस आदि ऐसे कपड़े पहनकर आने पर बाहर से दर्शन करके सहयोग करें। झंडेवाला देवी मंदिर में भी ऐसा ही बोर्ड लग गया है। वहीं छतरपुर मंदिर में फिलहाल इस तरह का कोई बोर्ड नहीं लगा हुआ है, लेकिन अमर्यादित कपड़े पहन कर दर्शन करने वाले लोगों को टोका जा रहा है।

# तकनीकी कारण पर कांग्रेस ने ली चुटकी, बैंक ऑफ बड़ौदा से भाजपा की मिलीभगत का आरोप

### -सनी देओल की संपत्ति के नीलामी नोटिस को वापस लेने का मामला गरमाया



**चेन्नई (एजेंसी)।** कांग्रेस ने बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) पर भाजपा से मिलीभगत करने का आरोप लगाया है। बता दें कि कल ही बैंक ने सनी देओल के बंगले को नीलाम करने का नोटिस चस्पा किया और आज उसे निरस्त करने का विज्ञापन जारी कर दिया। बैंक के तकनीकी कारण पर कांग्रेस ने चुटकी ली है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को अभिनेता से नेता बने सनी देओल के जुहू स्थित आवास की ई-नीलामी के लिए बैंक नोटिस वापस लेने को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर तंज कसा और कहा कि आश्चर्य है कि इन तकनीकी कारणों को किसने शुरू किया। उन्होंने कहा कि कर्ज अदा न करने पर भाजपा सांसद और अभिनेता सनी देओल की मुंबई संपत्ति की नीलामी के अपने फैसले को वापस ले लिया है। बैंकिंग क्षेत्र के प्रमुख संघ ने बैंक के इस कदम की आलोचना की है। बता दें कि 30 जून तक 34,832.16 करोड़ रुपये के सकल गैर-निष्पादित ऋण से लदे बैंक ने लगभग 56 करोड़ रुपये की ऋण राशि और उस पर ब्याज का भुगतान न करने पर अभिनेता सनी देओल की मुंबई संपत्ति की नीलामी करने के अपने फैसले को वापस लेने का फैसला किया।


इस पर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद ने कहा कि आश्चर्य है कि इन तकनीकी कारणों को किसने शुरू किया? इधर अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) के महासचिव सी.एच.वेंकटचलम ने कहा कि ऐसा लगता है कि यह बीजेपी की फोन बैंकिंग शैली है। गौरतलब है कि इसके पहले भाजपा आरोप लगाती थी कि जब कांग्रेस पार्टी की सरकार थी, तो उसके नेता अपने पसंदीदा लोगों को ऋण स्वीकृत करने के लिए बैंकरों को बुलाते थे। बैंक ने सोमवार को एक अखबार के विज्ञापन में कहा कि श्री अजय सिंह देओल उर्फ श्री सनी देओल की संपत्ति नीलामी के फैसले को तकनीकी कारणों से वापस ले लिया गया है। रविवार को अखबार के विज्ञापन में बैंक ऑफ बड़ौदा ने कहा कि कर्जदार सनी देओल पर 26 दिसंबर, 2022 से ब्याज और लागत के साथ बैंक का लगभग 55.99 करोड़ रुपये बकाया है। क्या बैंक ने अभिनेता का नाम अजय सिंह देओल के बजाय अजय सिंग देओल लिख दिया है, यह अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## हिमाचल में राहत कार्यों के लिए कोई कमी नहीं आने दूंगा : नड्डा

शिमला। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने हिमाचल के बाढ़ और बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का एक दिवसीय दौरा किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्वयं अपनी आंखों से उस भयानक दृश्य को देखा। उन्होंने कहा कि हम अनेकों स्थानों पर उनके साथ गए। पांवटा साहिब, शिमला और बिलासपुर सभी जगह नड्डा के साथ जाना हुआ। उन्होंने कहा कि हमें धन्यवाद करना है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह से वार्ता करके हिमाचल को 200 करोड़ रुपए की राशि जारी करवा दी है। आपदा की घड़ी में यह राशि हिमाचल प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं नडडा ने शिमला में कहा कि हिमाचल प्रदेश में राहत कार्यों के लिए किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दूंगा। नड्डा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ बैठक कर उन्हें पूर्ण आश्वासन दिया कि जिस प्रकार की भी मांग वह केंद्र के समक्ष रखने वाले हैं, प्रदेश की आवश्यकता के अनुसार हम हर प्रकार की सहायता की जाएगी। डॉ. बिंदल ने प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्री शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का हिमाचल प्रदेश को 200 करोड़ रुपए की राशि प्रदान करने के लिए धन्यवाद किया।



# मुंबई में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक में शिरकत करूंगा : अरविंद केजरीवाल



**नयी दिल्ली। (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि वह इस महीने के अंत में मुंबई में होने वाली विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक में शामिल होंगे। एक कार्यक्रम से इतर जब संवाददाताओं ने केजरीवाल से पूछा कि क्या वह मुंबई में विपक्षी दलों की आगामी बैठक में शामिल होंगे, तो उन्होंने कहा, ''मुंबई जाऊंगा।

परिणाम आपके साथ साझा करूंगा।'' विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक 31 अगस्त और एक सितंबर को मुंबई में होने वाली है। अगले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से मुकाबला करने के लिए गठित विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया)' की यह तीसरी बैठक होगी। सूत्रों के मुताबिक, मुंबई में होने वाली बैठक बेंगलुरु में आयोजित बैठक के प्रारूप में होगी, जिसमें नेता 31 अगस्त को अनौपचारिक बातचीत करेंगे और उसके बाद अगले दिन मुख्य बैठक होगी। बैठक के दौरान, विपक्षी दलों से उम्मीद की जाती है कि वे जितना संभव हो सकेगा अपने मतभेदों को दूर करेंगे, खासकर उन राज्यों में जहां वे सीधे चुनावी मुकाबले में हैं। बैठक की मेजबानी महा विकास आघाड़ी गठबंधन के तीन घटक दलों - कांग्रेस के समर्थन से, शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा के शरद पवार गुट द्वारा संयुक्त रूप से की जा रही है। 'इंडिया' समूह की पहली बैठक जून में पटना में और दूसरी बैठक पिछले महीने बेंगलुरु में हुई थी।

बेंगलुरु में आयोजित बैठक में, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 26 दलों की लगभग चार घंटे तक चली बैठक के बाद विपक्षी गठबंधन के नाम 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया)' की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि समन्वय के लिए 11 सदस्यीय समिति गठित की जाएगी और मुंबई में अगली बैठक में एक संयोजक का चयन किया जाएगा। विपक्षी गठबंधन में शामिल 26 विपक्षी दलों में- कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, आम आदमी पार्टी, जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार), शिवसेना (यूबीटी), समाजवादी पार्टी, नेशनल कान्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, राष्ट्रीय लोक दल, एमडीएमके, कोंगुनाडु मक्कल देसिया काची (केएमडीके), वीसीके, आरएसपी, माकपा-माले (लिबरेशन), फॉरवर्ड ब्लॉक, आईयूएमएल, केरल कांग्रेस (जोसेफ), केरल कांग्रेस (मणि), अपना दल (कामेरावादी) और मनितानेया मक्कल कात्ची (एमएमके) शामिल हैं।

## सीडब्ल्यूसी में शशि थरूर को शामिल करने से समर्थकों में खुशी का माहौल



**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** कांग्रेस के लोकसभा सदस्य शशि थरूर को सीडब्ल्यूसी में शामिल करने से उनके समर्थकों में भारी खुशी का माहौल बन गया है। जानकार बता रहे हैं कि पुनर्गठित कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) में शामिल होने के साथ ही तीन बार के कांग्रेस के लोकसभा सदस्य शशि थरूर की किस्मत आखिरकार फिर खुलती नजर आ रही है। बता दें कि पिछले साल पार्टी नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में हारने के बाद उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया था। कुछ लोगों ने थरूर के राजनीतिक अवसान की बात करनी शुरू कर दी थी। उनके समर्थक इस बात को लेकर चिंतित थे कि अगर उन्हें सीडब्ल्यूसी में शामिल नहीं किया जाता है तो यह उनके लिए बहुत बड़ा झटका होगा। लेकिन जैसे ही थरूर को पार्टी के शीर्ष निकाय में शामिल करने की खबर फैली, उनके समर्थकों ने राहत की सांस ली। हालांकि शशि थरूर को ऐसे व्यक्ति के रूप में देखा जा रहा है, जिनकी पूरे केरल में पार्टी के कार्यकर्ताओं और उन लोगों के बीच पकड़ है, जो कांग्रेस को वोट देना पसंद करते हैं।

एक मीडिया समीक्षक ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि थरूर के पास बहुत बड़ा समर्थन आधार है। राष्ट्रीय स्तर पर और केरल में कांग्रेस का इतिहास यह है कि केवल पद धारण करने वाले नेता के ही बड़े पैमाने पर प्रशंसक होते हैं, एकमात्र अपवाद स्वर्गीय ओमन चांडी चांडी हैं। समीक्षक ने कहा कि भले ही पार्टी के भीतर थरूर को समर्थन प्राप्त न हो, लेकिन वह वर्तमान में 18 से 23 वर्ष के आयु वर्ग में सबसे लोकप्रिय कांग्रेस नेता हैं और सीडब्ल्यूसी में उनके शामिल होने से पार्टी के भीतर उनका समर्थन आधार बढ़ सकता है, खासकर असंतुष्ट लोगों का, जो वीडी सतीसन और के. सुधाकरन के वर्तमान नेतृत्व के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ हैं।

## पीएम मोदी 22 को जाएंगे द.अफ्रीका, 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में होंगे शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 से 24 अगस्त तक दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान पीएम मोदी जोहान्सबर्ग में 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद पीएम ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस के निमंत्रण पर 25 अगस्त को ग्रीस की यात्रा पर भी जाएंगे। विशेष रूप से यह 2019 के बाद पहला व्यक्तिगत ब्रिक्स शिखर सम्मेलन होगा। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने यह भी बताया कि प्रधान मंत्री जोहान्सबर्ग में मौजूद कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। यह शिखर सम्मेलन समूह द्वारा शुरू की गई पहल की प्रगति की समीक्षा करने और गतिविधि के भविष्य के क्षेत्रों की पहचान करने का अवसर प्रदान करेगा। इसके अलावा, पीएम मोदी ब्रिक्स - अफ्रीका आउटरीच और ब्रिक्स प्लस डायलॉग नामक एक विशेष कार्यक्रम में भी भाग लेंगे। इन दोनों कार्यक्रमों में दक्षिण अफ्रीका द्वारा आमंत्रित अन्य गैर-देशों की भागीदारी देखी जाएगी। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री कल सुबह जोहान्सबर्ग के लिए प्रस्थान करेंगे जहां वह 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे जो कल से शुरू होगा और 24 अगस्त को समाप्त होगा। मिली जानकारी के अनुसार 3 साल वर्चुअल मीटिंग के बाद इस बार सामान्य तरीके से बैठक होगी। 23 को इंट्रा ब्रिक्स कोऑपरेशन और अन्य मुद्दों पर ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में चर्चा होगी। ग्लोबल इकोनॉमी रिकवरी, वर्तमान वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा होगी। 24 को ब्रिक्स + देशों की चर्चा में शामिल होंगे मोदी। इस दौरान भारत ग्लोबल साउथ के मुद्दे भी उठाएगा। बता दें ?कि पीएम मोदी की ग्रीस यात्रा 40 वर्षों में किसी भारतीय प्रधान मंत्री की पहली ग्रीस यात्रा होगी। इसके अलावा, प्रधान मंत्री देशों के बीच संबंधों को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए अपने ग्रीक समकक्ष प्रधान मंत्री मित्सोटाकिस के साथ बातचीत करेंगे।

## ममता के भतीजे अभिषेक को नहीं मिली राहत, सीबीआई-ईडी की पूछताछ जारी रहेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीएम ममता बनर्जी के भतीजे को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने विचार करने से इनकार कर दिया है। इसके लिए कोलकाता उच्च न्यायालय जाने का रास्ता सुझाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा कोलकाता उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया, जिसमें भर्ती अनियमितता मामले में सीबीआई और ईडी पूछताछ के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता अभिषेक बनर्जी को अंतरिम राहत देने की मांग की गई थी। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि वह इस स्तर पर याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। पीठ ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार उचित राहत के लिए कोलकाता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकती है। कोलकाता उच्च न्यायालय द्वारा 8 जुलाई को सीबीआई और ईडी पूछताछ के खिलाफ बनर्जी को अंतरिम राहत देने से इनकार करने के बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस दौरान उच्च न्यायालय ने कहा कि बनर्जी किसी अंतरिम राहत के हकदार नहीं हैं क्योंकि उनके खिलाफ आरोप गंभीर प्रकृति के हैं। बता दें कि सीबीआई और ईडी पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) में ग्रुप-डी कर्मचारियों की भर्ती में अनियमितता के आरोपों की जांच कर रही है।

# दो अलग-अलग बसों के खाई में गिरने से 9 की मौत, 47 यात्री घायल

### -आंध्र प्रदेश में 2 लोगों की मौत, 20 घायल, उत्तराखंड में 7 की मौत 27 घायल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कुल 9 लोगों की मौत हो गई, जब?कि 47 लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह दोनों ही दुर्घटनाएं बसों के गहरी खाई में ?गिरने से घ?टित हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अल्लूरी सीताराम राजू जिले के पाडेरु शहर के पास रविवार को आंध्र प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (एपीएसआरटीसी) की बस गहरी खाई में गिर गई जिससे उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि 20 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बस विशाखापट्टनम से पाडेरु आ रही थी लेकिन यहां से 20 किलोमीटर दूर अम्मावारी पदालू व्यूप्वाइंट के पास वह गहरी खाई में गिर गई। उन्होंने बताया कि यह हादसा अपराह्न करीब तीन बजे हुआ पाडेरु के सब डिवीजनल पुलिस अफसर (एसडीपीओ)धीरज कुनुबिली ने कहा कि चश्मदीदों ने बताया कि दोपहिया वाहन को बचाने की कोशिश में बस खाई में गिरी। हादसे में दो यात्रियों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के वक्त बस में करीब 30 लोग सवार थे। यात्रियों को विभिन्न विभागों के अधिकारियों और पास में मौजूद गांववालों ने बचाया।

इसी तरह उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में गंगनानी के पास गंगोत्री से गुजरात के श्रद्धालुओं को लेकर लौट रही एक बस के खाई में गिर जाने से उसमें सवार सात लोगों की मृत्यु हो गयी तथा 27 अन्य घायल हो गए। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, घायलों को एंबुलेंस के जरिए चिकित्सालय भेजा गया। दुर्घटना के समय बस में 35 लोग सवार थे। दिल्ली में मौजूद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों से बातकर दुर्घटना की जानकारी ली और उन्हें राहत एवं बचाव कार्य तेजी से चलाने के निर्देश दिए। वहीं गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने उत्तराखंड में हुए बस हादसे में राज्य के सात तीर्थयात्रियों की मौत पर दुख जताया और कहा कि प्रशासन लगातार उत्तराखंड प्रशासन के संपर्क में है।

# प्रभु श्रीराम भव्य मंदिर में विराजेंगे तो कल्याण सिंह की आत्मा हम सभी को आशीर्वाद देगी: योगी आदित्यनाथ

**अलीगढ़ (उप्र) (एजेंसी)।** । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि प्रभु श्रीराम जब अयोध्या में अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे, तब कल्याण सिंह जी की आत्मा हम सभी को आशीर्वाद देगी। मुख्यमंत्री योगी ने यहां प्रदर्शनी मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता कल्याण सिंह की दूसरी पुण्यतिथि पर आयोजित हिंदू गौरव दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'श्रद्धेय कल्याण सिंह जी ने अपनी राजगद्दी प्रभु श्रीराम के चरणों में समर्पित कर दी थी।'

आदित्यनाथ ने कहा, 'राम मंदिर के लिए 1990 से लेकर 1992 और उसके बाद तक चले अभियान का परिणाम है कि आज प्रभु श्री राम की पावन जन्मभूमि अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है।' एक आधिकारिक बयान के अनुसार अपने संबोधन में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'जनवरी 2024 में पांच सौ वर्षों का इंतजार समाप्त करके जब भगवान श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होकर हमें आशीर्वाद दे रहे होंगे तो श्रद्धेय बाबूजी की आत्मा को असीम संतुष्टि मिलेगी। उनकी (कल्याण सिंह) आत्मा हमें आशीर्वाद देगी कि जिस सपने के लिए उन्होंने राजसत्ता को छोड़ा था, आज वो साकार हो गया।'

योगी ने कहा कि 'कल्याण सिंह को जब भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद पर विचार व्यक्त करने का अवसर मिला तो उन्होंने हर बार इस बात को स्पष्टता के साथ कहा कि पेट को आहार, मन को प्यार, मस्तिष्क को विचार और आत्मा को संस्कार का समुच्चय ही एकात्म मानववाद है। इसी के अनुसार कल्याण सिंह जी ने अपना जीवन जिया।' मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धेय बाबूजी की आज दूसरी पुण्यतिथि को हम हिन्दू गौरव दिवस के रूप में मनाकर उन्हें स्मरण कर रहे हैं। आज विश्व उद्यमिता दिवस और नागपंचमी का पवित्र पर्व भी है, इसलिए यह दिन अद्भुत है। योगी ने विश्व उद्यमिता दिवस पर भारत के करोड़ों उद्यमियों को धन्यवाद और बधाई दी और कहा कि पूरी दुनिया में मेक इन इंडिया की धमक बढ़ी है।



स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/75100 (Subject to Surat jurisdiction)

क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# मामा की फटकार से आहत भांजी ने किया स्युसाइड,

## प्रेमसंबंध को लेकर मामा ने लगाई थी डांट

**क्रांति समय**
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत, शहर के डिंडोली क्षेत्र में 15 साल की एक नाबालिग लड़की ने आत्महत्या कर ली। लड़की 16 वर्षीय नाबालिग लड़के से प्यास करती थी और इसका पता उसके मामा को चलने पर उन्होंने अपनी भांजी को फटकार लगाई थी। मामा की डांट के बाद भांजी ने यह कदम उठाया। जानकारी के मुताबिक सूरत के डिंडोली में मधुरम सर्कल के निकट 15 वर्षीय किशोरी अपने मामा के साथ काम करती थी। जहां उसका संपर्क 16 वर्षीय किशोर से हुआ और दोनों एक-दूसरे को प्यार करने लगे। किशोर-किशोरी एक-दूसरे से मोबाइल पर बातचीत भी करते थे। उस दौरान मोबाइल में दोनों की बातचीत रिकार्ड हो गई और यह रिकार्डिंग किशोरी के मामा के हाथ लग गई। रिकार्डिंग में किशोर रात्रि के दौरान किशोरी को मिलने के बुलाता है और कहता है, सुबह तुझे छोड़ दूंगा। रिकार्डिंग सुनने के बाद मामा ने भांजी को फटकार लगाते हुए किशोर से प्रेम संबंध तोड़ने को कहा। ऐसा नहीं किया तो समाज में अपनी बदनामी हो गई। मामा की डांट के बाद भांजी काम पर नहीं गई। मामा जब काम पर गए थे तब किशोरी ने एकांत का फायदा उठाते हुए फांसी लगाकर जान दे दी। डिंडोली पुलिस ने किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की है।

# दो साल बच्चा खेलते खेलते एसिड पी गया, एनआईसीयू में उपचाराधीन

**क्रांति समय**
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत,बच्चों के प्रति लापरवाह रहनेवाले अभिभावकों को सतर्क करनेवाली एक घटना सूरत से सामने आई है। जिसमें दो साल का मासूम बच्चा खेलते खेलते एसीड पी गया। गंभीर हालत में बच्चे का सूरत के नए सिविल अस्पताल के निओनेटल इंटेसिव केयर यूनिट (एनआईसीयू) में उपचार चल रहा है। जानकारी के मुताबिक सूरत के पांडेसरा क्षेत्र की एक मिल नौकरी करने वाले पिन्टू विश्वकर्मा इसी इलाके के सीतानगर में परिवार के साथ रहते हैं। पिन्टू का दो वर्षीय बेटा अन्य बच्चों के साथ अपने घर में खेल रहा था। खेलते खेलते मासूम बच्चा घर में रखी एसिड की बोतल के करीब पहुंच गया। संभवत: पानी समझकर मासूम बच्चे ने एसिड गटगटा लिया। इस घटना से परिवार में हड़कम्प मच गया और गंभीर हालत में बच्चे को लेकर तुरंत सूरत के नए सिविल अस्पताल पहुंचे। जहां बच्चे को एनआईसीयू में भर्ती कर उपचार किया जा रहा

# सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात की 27 सप्ताह की दुष्कर्म पीड़िता को गर्भपात की मंजूरी दी

**क्रांति समय**
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए गुजरात की 27 सप्ताह की गर्भवती दुष्कर्म पीड़िता को गर्भपात कराने की मंजूरी दे दी। साथ ही इस मामले में गुजरात हाईकोर्ट के रुख पर भी सवाल उठाए। कोर्ट में पेश की गई मेडिकल रिपोर्ट में कहा गया कि महिला का सुरक्षित तरीके से गर्भपात कराया जा सकता है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा कि अगर भ्रूण जीवित रहता है तो अस्पताल बच्चे को इनक्युबेशन में रखकर सुनिश्चित करे कि वह जीवत रह सके और यह गुजरात सरकार की जिम्मेदारी होगी कि कानून के मुताबिक बच्चे को गोद दिया जा सके। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात हाईकोर्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद गुजरात हाईकोर्ट ने आदेश जारी कर दिया। देश में कहीं भी नहीं होता कि कोई अदालत अपने से बड़ी अदालत के खिलाफ आदेश जारी करे। गौरतलब है दुष्कर्म पीड़िता 27 सप्ताह की गर्भवती है और गर्भपात करान के लिए उसे गुजरात हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। लेकिन हाईकोर्ट ने पीड़िता की कहानी सुनने के बाद उसे मेडिकल जोखिम के आधार पर गर्भपात कराने की इजाजत नहीं दी। जिससे पीड़िता ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। पीड़िता ने दावा किया था कि 4 अगस्त को गर्भ का पता चला और 7 अगस्त को गर्भपात की मंजूरी के लिए कोर्ट में अपील की थी। लेकिन हाईकोर्ट ने सरकार की नीति का हवाला देते हुए उसकी याचिका खारिज कर दी।




# विदेशी ब्रांड की महंगी शराब समेत तीन गिरफ्तार, पुलिस ने 46.88 लाख का माल-सामान किया जब्त

**क्रांति समय**
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत,पुलिस ने लक्जरी कार में शराब तस्करी का पर्दाफाश करते हुए तीन शख्सों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दो लक्जरी कार समेत रु 46.88 लाख का माल-सामान जब्त कर आगे की कार्यवाही शुरू की है। कहने को गुजरात में पूर्ण शराबबंदी है, इसके बावजूद आए दिन देशी-विदेश शराब पकड़ी जाती है। शराब माफिया शराब की तस्करी के लिए नित नया तरीका अपनाते है जिसमें कुछ बच जाते हैं तो कुछ धरे जाते हैं। सूरत में पुलिस ने लक्जरी कार में शराब तस्करी करने के आरोप में तीन शख्सों को गिरफ्तार किया है। सूरत शहर के वेसू इलाके में पुलिस को जांच के दौरान दो लक्जरी कारों से विदेशी ब्रांड की महंगी शराब की कई बोतलें बरामद हुई। पुलिस ने कार से रु 1.68 लाख कीमत की विदेशी शराब समेत जमीन दलाल मनीष मनहरसिंह और ड्राइवर मोरारी शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह मध्य प्रदेश से शराब लेकर आ रहे थे और इसे सूरत की बैंक में करने वाले शख्स को सप्लाई करने वाले थे। जिसके बाद पुलिस ने एक और शख्स को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने शराब और दो लक्जरी कार समेत रु 46.88 लाख का माल-सामान जब्त कर मामले की जांच शुरू की है।

# नशे में धुत्त सरकारी अधिकारी ने तेज रफ्तार में कार चलाकर तीन-चार वाहनों को मारी टक्कर

**क्रांति समय**
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

राजकोट,राजकोट के माधापर सर्कल के निकट हिट एन्ड रन की घटना सामने आई है। जिसमें करीब 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार में आई कार ने तीन-चार वाहनों को टक्कर मार दी। कार सरकारी अधिकारी की है और घटना के वक्त वह शराब के नशे में धुत्त था। जानकारी के मुताबिक राजकोट के माधापर सरर्कल के निकट तेज रफ्तार कार ने कहर बरपाया है। हांलाकि इस कोई जानहानि नहीं हुई परंतु तीन-चार वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। बताया जाता है कि करीब 120 किलोमीटर प्रति घंटे से आई एक कार ने मोपेड, आई 20 कार और सिटी बस समेत वाहनों को टक्कर मार दी। इस हादसे में घटना को अंजाम देनेवाली कार का चालक बुरी तरह घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी है कि यह हादसा सरकारी अधिकारी की कार से हुआ है। घटना के वक्त जो कार चला रहा वह आयकर विभाग का अधिकारी बताया जा रहा है। इतना ही नहीं सरकारी अधिकारी घटना के वक्तशराब के नशे में धुत्त था।


# समस्या आपकी हमें भेजे

अपने क्षेत्र में समस्याएं हमें लिखे या बताएँ और समस्याएं का हल संबंधित विभाग से मिलेगा
मोबाईल:-987914180
या फोटा,वीडियो हमें भेजे

## कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार
में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार
संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-krantisamay@gmail.com

## कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार
भारत के अन्य राज्यों में जिला ब्यूरों
और अन्य शहर,ग्राम में पत्रकारों
की नियुक्त के लिए आवेदन कर सकते है
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-krantisamay@gmail.com